प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक — केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



"बाबरी" का निर्माण, बंगाल से उत्तर प्रदेश तक छिड़ा सियासी घमासान पेज- 2

डीएम ने कंपोजिट विद्यालय एकारी का किया निरीक्षण पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 56 | शनिवार 14 फरवरी, 2026 | डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## सीएम योगी ने फॉक्सकॉन सेमीकंडक्टर पार्क की तैयारी की समीक्षा की

### 4000 करोड़ की परियोजना से 3000 रोजगार के अवसर

(एजेंसी) गौतमबुद्धनगर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्र में प्रस्तावित फॉक्सकॉन के सेमीकंडक्टर पार्क परियोजना की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। यह महत्वाकांक्षी परियोजना सेक्टर–28, ई–01 में लगभग 48 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही है, जिसकी अनुमानित लागत करीब 4000 करोड़ रुपए बताई जा रही है। यह उत्तर प्रदेश का पहला सेमीकंडक्टर पार्क होगा, जिससे प्रदेश औद्योगिक और तकनीकी क्षेत्र में नई पहचान बनाने की दिशा में आगे बढ़ेगा। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परियोजना का विकास आधुनिक



तकनीक, वैश्विक गुणवत्ता मानकों और समयबद्ध योजना के अनुरूप किया जाए। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर उद्योग भविष्य की अर्थव्यवस्था का आधार है और इस क्षेत्र में निवेश से प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि इस परियोजना से राज्य में निवेश के नए द्वार खुलेंगे और गौतमबुद्धनगर सहित आसपास के क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों को गति मिलेगी। परियोजना के तहत लगभग 3000 लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर मिलने की संभावना है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देते हुए उन्हें कौशल प्रशिक्षण से जोड़ा जाए ताकि वे इस अत्याधुनिक उद्योग में बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि परियोजना के क्रियान्वयन में सभी पर्यावरणीय और तकनीकी मानकों का कड़ाई से पालन हो। बैठक में तीनों विकास प्राधिकरणों के मुख्य कार्यपालक अधिकारी, पुलिस आयुक्त, जिलाधिकारी तथा संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को भूमि विकास, आधारभूत संरचना, विद्युत आपूर्ति, जल प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्थाओं से संबंधित तैयारियों की जानकारी दी। सेमीकंडक्टर पार्क की स्थापना से यमुना प्राधिकरण क्षेत्र को एक उभरते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं हाई–टेक मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। यह परियोजना श्मेक इन इंडियात्र और श्आत्मनिर्भर भारतत्र के विजन को भी मजबूती प्रदान करेगी।

## सत्ता के लिए बिन पानी की मछली की तरह तड़प रही कांग्रेस - अनुराग ठाकुर

(एजेंसी) नई दिल्ली । भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि सत्ता के लिए कांग्रेस पार्टी बिन पानी मछली की तरह तड़प रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी 60 साल तक देश की सत्ता में रही, आज उसकी स्थिति खराब हो चुकी है। नई दिल्ली में भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने आईएएनएस से बातचीत करते हुए कहा कि देखिए, दो–तीन उदाहरण हैं। जब सदन चला तो राहुल गांधी और बाकी कांग्रेस नेताओं ने हंगामा किया और कोई आधार नहीं था। इनकी स्थिति ऐसी थी कि श्आसमान से गिरे, खजूर पर अटकेश। भाजपा सांसद ने कहा कि नेता विपक्ष ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा नहीं करने दी और जब बजट शुरू हुआ, तो बजट पर कुछ नहीं बोले, बाकी सब कुछ बोले। जिस व्यक्ति को ट्रेड एंड कॉमर्स और फाइनेंस में अंतर नहीं पता, वो बाकी क्या करेगा? जिसको यह नहीं पता कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर क्या बोले और बाकी पर क्या बोले, तो आप सोचिए कि कांग्रेस पार्टी की हालत क्या है। टेबल पर कूदकर हंगामा करते हैं, बेवजह के आरोप लगाते हैं, उनकी बातों में तथ्य होते नहीं हैं। स्पीकर का घेराव करते हैं। यह कैसी हालत है? कांग्रेस पार्टी यह करती है। 60 साल तक देश में शासन करने वाली कांग्रेस पार्टी, जो आज सत्ता से बाहर है, उसकी स्थिति यह है कि सत्ता के लिए ऐसे तड़प रही है जैसे पानी बिन मछली तड़पती है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस 95 चुनाव हार चुकी है। अगले कुछ ही महीनों में इनका हार का शतक भी पूरा हो जाएगा। ये लोग इतने राष्ट्र विरोधी हो गए हैं कि लगता है इनके अंदर अंकल सैम की सिम और सोरोस का सॉफ्टवेयर लगा हुआ है। उधर से जो टाइप होता है, वही इधर से टेलिकास्ट होता है। भाजपा सांसद ने पीएम मोदी का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश को मजबूत करते हुए इसे ऊपर उठाया है। कांग्रेस के जमाने में इकोनॉमी लड़खड़ा रही थी और कमजोर थी, और भारत को दुनिया भर में बुराई का सामना करना पड़ रहा था। भ्रष्टाचार बहुत ज्यादा और फैला हुआ था। आज भ्रष्टाचार मुक्त शासन दिया है। इतना ही नहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने देश की सीमाओं को मजबूत और सुरक्षित बनाया है।

## आप विधायक नरिंदर कौर भराज का बड़ा खुलासा- ऑपरेशन लोटस के तहत भाजपा ने दिया बड़ा ऑफर

(एजेंसी) चंडीगढ़। संगरूर से आम आदमी पार्टी की विधायक नरिंदर कौर भराज ने एक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर राजनीतिक धमारे करते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। भराज ने खुलासा किया कि भाजपा के श्ऑपरेशन




लोटसत्र के तहत हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उनसे संपर्क साधा और बंद कमरे में मीटिंग करने सहित भाजपा की टिकट दिलाने और मनमानी शर्तें पूरी करने का बड़ा ऑफर दिया। गुरुवार को पार्टी ऑफिस में स्टेट मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में नरिंदर कौर भराज ने कहा कि भाजपा देश भर में चुनी हुई सरकारों को गिराने के लिए श्ऑपरेशन लोटसत्र चला रही है। हाल ही में हरियाणा के सीएम नायब सैनी ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की। उन्होंने मुझे संगरूर से भाजपा की टिकट देने का लालच दिया और कहा कि मेरी जो भी मांग है, वह पूरी की जाएगी। भराज ने आगे कहा कि वह 2014 में सिर्फ 19 साल की उम्र में अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुई थीं। उन्होंने कहा कि मैं वो कार्यकर्ता हूं जिसने पार्टी के लिए पोस्टर लगाए हैं। एक छोटे किसान की बेटी को 27 साल की उम्र में विधायक बनाने का सम्मान सिर्फ़ आम आदमी पार्टी ही दे सकती है। हरियाणा के मुख्यमंत्री पर सीधा हमला करते हुए भराज ने कहा कि सैनी साहब आजकल जिस तरह पंजाब की गलियों में घूम रहे हैं, उससे लगता है कि भाजपा ने उन्हें डेपुटेशन पर पंजाब भेजा है। मेरी उन्हें सलाह है कि मेरी चिंता करना छोड़ दें और अपने हरियाणा की चिंता करें। पंजाब की जनता और आप विधायक चट्टान की तरह मान साहब और केजरीवाल जी के साथ खड़े हैं। विधायक ने साफ़ किया कि आम आदमी पार्टी का हर वर्कर, विधायक और मंत्री एकजुट है। हम सिस्टम बदलने, स्वास्थ्य और शिक्षा की सुविधाएँ देने के लिए राजनीति में आए हैं, ना कि सौदेबाजी करने के लिए। हम 2027 के चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार हैं और भाजपा की ऐसी गंदी चालें हमें गिरा नहीं सकतीं। आप पंजाब के स्टेट मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि भाजपा एक बार फिर श्ऑपरेशन लोटसत्र के ज़रिए पंजाब में लोकतंत्र को कमज़ोर करने की नाकाम कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब भाजपा ने हमारे विधायकों को खरीदने की कोशिश की है, लेकिन वे भूल जाते हैं कि पंजाबी अपनी शान के लिए जाने जाते हैं, बिकने के लिए नहीं। पन्नू ने नायब सैनी पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि सैनी साहब को अपना श्हरियाणा मॉडलत्र रखना चाहिए, जहां जनता महंगी बिजली से परेशान है। पंजाब में अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान का मॉडल चल रहा है, जहां फ्री बिजली और एसएसएफ जैसी सुविधाएं हैं, जो आपके फ्लॉप हरियाणा मॉडल में कहीं नहीं दिखतीं। उन्होंने आगे कहा कि पंजाब सरकार के चार साल पूरे होने वाले हैं, लेकिन भाजपा के चकाचौंध और अरबों रुपये के ऑफर हमारे एक भी विधायक को हिला नहीं पाए। आम आदमी पार्टी के विधायक आम परिवारों के वो बेटे–बेटियां हैं जिन्हें पुरानी पार्टियां कभी श्मटीरियलत्र तो कभी श्बैंड–वाजे वालेत्र कहकर बदनाम करती रही हैं। उन्होंने भाजपा को चेतावनी दी कि वे किसी और राज्य में जाकर यह श्बिकाऊत्र का साइन लगाएं, क्योंकि पंजाब का न तो कोई विधायक बिकाऊ है और न ही कोई वर्कर। बलतेज पन्नू ने नायब सैनी को सलाह देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पद की एक गरिमा होती है, जिसे समझना और लागू करना बहुत ज़रूरी है। सैनी साहब को दूसरी पार्टियों को तोड़ने की साज़िशें करने के बजाय आप मॉडल से सीखना चाहिए कि ईमानदारी से लोगों की सेवा कैसे की जाती है। उन्होंने साफ़ किया कि भाजपा पंजाब में अपनी सक्रियता जितनी चाहे बढ़ाए, लेकिन यह गलतफहमी निकाल दे कि कोई विधायक डर जाएगा या टूट जाएगा। जो दिल्ली में नहीं हो सका, वह पंजाब की धरती पर कभी नहीं होगा।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जनआकांक्षाओं को समर्पित बजट से जयपुर के विकास को मिलेगी नई दिशा

(एजेंसी) जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दूरदर्शी एवं संवेदनशील नेतृत्व में प्रस्तुत वित्त वर्ष 2026–27 का बजट राजधानी जयपुर के लिए विकास की नई इबारत लिखने जा रहा है। जनआकांक्षाओं को समर्पित इस बजट में विरासत संरक्षण से लेकर आधुनिक आधारभूत संरचना, सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा और औद्योगिक विकास तक समग्र प्रावधान किए गए हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रतिबद्धता और स्पष्ट विजन के परिणामस्वरूप जयपुर अब सुनियोजित, संतुलित और सर्वांगीण विकास की दिशा में नई ऊंचाइयोंकी ओर अग्रसर होगा। वित्त मंत्री दिया कुमारी द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत वित्त वर्ष 2026–27 का बजट केवल आंकड़ों का संकलन नहीं बल्कि जनभावनाओं, जनअपेक्षाओं और जनआकांक्षाओं को साकार करने का रोडमैप है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में प्रस्तुत इस जनकल्याणकारी बजट में राजधानी जयपुर को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाली अनेक ऐतिहासिक घोषणाएं की गई हैं। प्रदेश में आवागमन को सुगम बनाने हेतु लगभग 1800 करोड़ रुपये की लागत से राज्य राजमार्ग, आरओबी, आरयूबी, फ्लाइओवर, एलिवेटेड रोड एवं ब्रिज निर्माण कार्य प्रस्तावित किए गए हैं। जयपुर जिले में विद्याधरनगर में 20 करोड़ रुपये से विभिन्न सड़क विकास कार्य, वैशाली नगर में 5 करोड़ रुपये से मुख्य मार्गों का सौंदर्यकरण, आमेर, चौमूं, दूदू,



जमवारामगढ़, झोटवाड़ा, सांगानेर, चाकसू एवं बगरू सहित विभिन्न क्षेत्रों में सड़क निर्माण एवं उन्नयन कार्यों के लिए करोड़ों रुपये का प्रावधान किया गया है। दूदू से लालसोट वाया फागी–चाकसू–तूंगा 675 करोड़ रुपये की लागत से 135 किलोमीटर लंबा राज्य राजमार्ग विकसित किया जाएगा तथा जयपुर जिले में 9 आरओबी एवं आरयूबी बनाए जाएंगे। जयपुर शहर के यातायात प्रबंधन को आधुनिक स्वरूप देने के लिए करीब 1000 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। 560 करोड़ रुपये की लागत से अरण्य भवन से जगतपुरा आरओबी तक 4.40 किलोमीटर लंबी एलिवेटेड रोड का निर्माण होगा। पुरानी चुंगी, अजमेर रोड पर अंडरपास निर्माण, 30 करोड़ रुपये से यातायात सुरक्षा कार्य, बेनाड़ रोड, कालवाड़ रोड, खातीपुरा रोड एवं मानसरोवर में सेक्टर सड़क विकास तथा व्यापक ड्रेनेज व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। पेयजल उपलब्धता को सुदृढ़ बनाने के लिए 650 करोड़ रुपये की लागत से सूरजपुरा से चाकसू तक नई ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण किया जाएगा, जिससे चाकसू, बस्सी सहित 1092 गांवों की लगभग 20 लाख आबादी को लाभ मिलेगा। ग्रीष्म ऋतु में पेयजल संकट से निपटने हेतु 600 ट्यूबवेल एवं 1200 हैंडपंप लगाए जाएंगे तथा प्रत्येक जिला कलक्टर को समर कंटिजेंसी हेतु 1 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए जाएंगे। जयपुर में 10 करोड़ रुपये की लागत से सेंटर ऑफ ऐक्सिलेंस फॉर वाटर मैनेजमेंट की स्थापना भी की जाएगी। विद्युत तंत्र के विस्तार हेतु मंडा (चौमूं) में 220 केवी जीएसएस, बगरू रवाण में 132 केवी जीएसएस तथा मुहाना, सामोद एवं साली में 33/11 केवी जीएसएस स्थापित किए जाएंगे। औद्योगिक विकास को नई गति देने के लिए फागी, चौमूं, मौजमाबाद एवं दूदू में नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाएंगे तथा बिचून, विश्वकर्मा, सीतापुरा एवं ईपीआईपी सहित औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विकास हेतु 1000 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। शिक्षा एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए बगरू महाविद्यालय को यूजी से पीजी में क्रमोन्नत किया जाएगा। साइंस पार्क जयपुर में स्पेस गैलरी एवं चिल्ड्रन गैलरी का निर्माण होगा। खेल अधोसंरचना के विकास हेतु महाराणा प्रताप खेल विश्वविद्यालय के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है तथा चित्रकूट स्टेडियम में विभिन्न विकास कार्य किए जाएंगे। चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार के अंतर्गत एसएमएस मेडिकल कॉलेज में सेंटर ऑफ एक्सिलेंस इन मेंटल हेल्थ की स्थापना, जेके लोन चिकित्सालय में 75 करोड़ रुपये की लागत से 500 बेड का आईपीडी टावर एवं पेडियाट्रिक न्यूरोलॉजी विभाग की स्थापना, आयूएचएस चिकित्सालय में 200 बेड का पेडियाट्रिक आईपीडी एवं आईसीयू विकास तथा एसएमएस अस्पताल में 12 मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर स्थापित किए जाएंगे। विभिन्न क्षेत्रों में नए स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण एवं उन्नयन भी किया जाएगा। पर्यटन एवं सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के तहत आमेर किले एवं आमेर कस्बे में 50 करोड़ रुपये से विश्वस्तरीय पर्यटन सुविधाएं विकसित की जाएंगी। रायसर जमवारामगढ़ स्थित बाकी माता मंदिर में रोप–वे निर्माण तथा जवाहर कला केन्द्र में 15 करोड़ रुपये से शिल्पग्राम का नवनिर्माण किया जाएगा। राजस्थान मंडपम के साथ विश्वस्तरीय एग्जिबिशन स्पेस का निर्माण भी प्रस्तावित है। प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण के अंतर्गत सांगानेर में मिनी सचिवालय का निर्माण, राजस्थान विधानसभा में सेंट्रल हॉल, शासन सचिवालय उन्नयन, हरिश्चन्द्र माथुर लोक प्रशासन संस्थान में हॉस्टल निर्माण तथा विभिन्न क्षेत्रों में नई पुलिस चौकियों एवं थानों की स्थापना की जाएगी। वित्त वर्ष 2026–27 का यह बजट जयपुर जिले को आधुनिक, सुव्यवस्थित, सुरक्षित, औद्योगिक रूप से सशक्त और पर्यटन की दृष्टि से समृद्ध महानगर के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में यह जनहितैषी बजट राजधानी जयपुर को विकास की नई पहचान प्रदान करेगा।

## सेवा तीर्थ से होगा देश का विकास, पीएम मोदी ने किया नए नाम का अनावरण

(एजेंसी) नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी ने सेवा तीर्थ परिसर का उद्घाटन किया, जिसमें प्रधानमंत्री कार्यालय, कैबिनेट सचिवालय और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय स्थित हैं। दिल्ली को औपचारिक रूप से भारत की आधुनिक राजधानी बनाए जाने के 95 वर्ष पूरे हो गए। नयी दिल्ली को 13 फरवरी, 1931 को देश की राजधानी बनाए जाने के समारोह के बाद से बहुत कुछ बदल चुका है। भारत को 1947 में स्वतंत्रता मिली, तीन साल बाद देश गणतंत्र बना और वह अब अपनी राह स्वयं तय कर रहा है। इन निर्णायक पड़ावों के दौरान राजधानी के केंद्र में स्थित रायसीना हिल परिसर समय का मूक प्रहरी बनकर खड़ा रहा है। शुक्रवार को यह प्रतिष्ठित स्थल एक और महत्वपूर्ण घटना का साक्षी बनेगा जब इसके निकट स्थित नये पीएमओ भवन और कर्तव्य भवन 1 एवं कर्तव्य भवन 2 का उद्घाटन किया। सेवा तीर्थ में प्रधानमंत्री कार्यालय, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय हैं, जो पहले



अलग–अलग स्थानों पर स्थित थे। कर्तव्य भवन 1 और 2 में कानून, रक्षा, वित्त, स्वास्थ्य, कृषि और कई अन्य महत्वपूर्ण मंत्रालयों के कार्यालय स्थित हैं। जब मोदी सेवा तीर्थ परिसर का उद्घाटन किया, तो यह अवसर केवल प्रतीकात्मक नहीं क्योंकि नॉर्थ ब्लॉक और साउथ ब्लॉक 1931 से सत्ता के केंद्र रहे हैं। सरकार की योजना नॉर्थ ब्लॉक और साउथ ब्लॉक में इन प्रतिष्ठित इमारतों को युग युगीन भारत राष्ट्रीय संग्रहालय में परिवर्तित करने की है जो भारत की सभ्यतागत यात्रा को दर्शाने वाला एक विश्व स्तरीय संग्रहालय होगा। जब नयी दिल्ली को राष्ट्रीय राजधानी बनाया गया था तब उसका केंद्र रायसीना हिल परिसर था, जिसमें भव्य वायसरॉय हाउस (अब राष्ट्रपति भवन) और नॉर्थ ब्लॉक एवं साउथ ब्लॉक शामिल थे। नयी राजधानी की आधारशिलाएं एक सदी से अधिक पहले किंग जॉर्ज पंचम और क्वीन मैरी ने रखी थीं और इसका उद्घाटन 13 फरवरी, 1931 को वायसराय लॉर्ड इरविन ने किया था।उस वर्ष उद्घाटन समारोह एक सप्ताह तक चला था। इस दौरान तत्कालीन वायसराय ने 12 फरवरी को ऑल इंडिया वॉर मेमोरियल आर्च (जिसे अब इंडिया गेट के नाम से जाना जाता है) का भी उद्घाटन किया था जिसे प्रथम विश्व युद्ध (1914–1918) और तृतीय आंग्ल–अफगान युद्ध (1919) में शहीद हुए सैनिकों की स्मृति में बनाया गया था। वास्तुकार सर एडविन लुटियंस और सर हर्बर्ट बेकर ने ब्रिटिश राज की नयी राजधानी का निर्माण किया जिसकी भव्यता एवं वास्तुकला यूरोप और अमेरिका के श्रेष्ठ शहरों के बराबर थी। दो विश्व युद्धों के बीच निर्मित इस शहर को बनने में 20 साल से अधिक का समय लगा।

## लोकसभा में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के इस्तीफे की मांग को लेकर विपक्ष का हंगामा, कार्यवाही 9 मार्च तक के लिए स्थगित

(एजेंसी) नयी दिल्ली । लोकसभा की कार्यवाही विपक्ष के हंगामे के कारण नौ मार्च को सुबह 11 बजे तक के लिए शुक्रवार को स्थगित कर दी गयी। बजट सत्र 28 जनवरी को शुरू हुआ था और एक फरवरी को वित्तीय वर्ष 2026–27 का बजट पेश किया गया था। इस सत्र की शुरुआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के दोनों सदनों के सदस्यों की संयुक्त बैठक को संबोधित करने से हुई थी। बजट सत्र का दूसरा चरण नौ मार्च से शुरू होगा, जो दो अप्रैल तक चलेगा। एक बार के स्थगन के बाद शुक्रवार दोपहर 12 बजे सदन की कार्यवाही जब दोबारा शुरू हुई तो पीठासीन अधिकारी संध्या राय ने विधायी दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाये। इसके बाद संध्या राय ने सदन की कार्यवाही नौ मार्च को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इसके पहले आज की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी दलों के सदस्य केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के इस्तीफे की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। संध्या राय ने पूर्व सदस्य भगवान दास राठौर के निधन की सूचना दी। राठौर का 80 वर्ष की आयु में 21 जनवरी 2026 को उत्तराखंड के हरिद्वार में निधन हुआ। राठौर छठी और नौवीं लोक सभा के सदस्य रहे। सदस्यों ने मौन रहकर राठौर को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद संध्या राय ने प्रश्न काल के लिए कांग्रेस के उज्जवल रमन सिंह का नाम पुकारा तभी विपक्ष के सदस्य आसान के बीचों–बीच आकर नारेबाजी करने लगे। विपक्ष के सदस्य श्हरदीप सिंह पुरी इस्तीफा दोश के नारे लगाने लगे। हंगामे के बीच केंद्रीय



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा ने कोडीन सीरप से हुई मौत के एक पूरक प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि किसी भी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में कोडीन सीरप के कारण मौत नहीं हुई है, इसलिए इसलिए मुआवजा देने का प्रश्न नहीं उठता है। श्रीमती राय ने सदस्यों से अपने स्थान पर जाने और प्रश्न काल चलाने में सहयोग करने का आग्रह किया लेकिन हंगामा नहीं थमा, जिस पर उन्होंने कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी थी।

# सम्पादकीय

## अमेरिकी दस्तावेज़ों में दिखा भारत की आपत्तियों का असर

संसद के बजट सत्र के दौरान लोकसभा में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अमेरिका के साथ हाल ही में हुई ट्रेड डील पर अपनी बात रखी। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि उन्होंने कहा कि यह समझौता भारत के हितों के अनुरूप नहीं है और कई अहम मुद्दों पर सही तरीके से बात नहीं की गई। बिना किसी प्रत्यक्ष आरोप के, उन्होंने इसे एक "मिस्ड अवसर" के रूप में पेश किया और कहा कि भारत को अपने संसाधनों और क्षमता के आधार पर मज़बूत स्थिति से बातचीत करनी चाहिए थी। तो वहीं दूसरी ओर अमेरिका ने भारत–अमेरिका व्यापार समझौते पर जारी अपनी फैक्टशीट में बड़े बदलाव किए हैं। सिर्फ 24 घंटों के भीतर व्हाइट हाउस ने उन अहम बिंदुओं में बदलाव किया है जिन्हें पहले डील का हिस्सा बताया गया था।



नफीस जाफरी

फैक्टशीट से दालों पर शुल्क कम करने वाला दावा हटाया गया, जबकि 500 अरब डॉलर की खरीद पर भी भाषा नरम कर दी गई है। .षि और डिजिटल टैक्स जैसे मुद्दे, जो भारत के लिए संवेदनशील माने जाते हैं, अब संशोधित दस्तावेज़ में अलग तरह से पेश हुए हैं। इन बदलावों के बाद यह साफ दिख रहा है कि बातचीत की टेबल पर भारत की आपत्तियों का असर अमेरिकी दस्तावेज़ में भी दिखाई देने लगा है। पहले जारी संस्करण में दावा किया गया था कि भारत "कुछ दालों" पर शुल्क कम करेगा, लेकिन अपडेटेड फैक्टशीट में इस दावे को पूरी तरह हटा दिया गया है। इसके अलावा 500 अरब डॉलर की खरीद से जुड़ी भाषा में भी बदलाव किया गया। यह कदम इसलिए अहम माना जा रहा है क्योंकि दालों का आयात भारत के .षि क्षेत्र के लिए बेहद संवेदनशील मुद्दा है। व्हाइट हाउस ने जारी अपने शुरुआती दस्तावेज़ में कहा था कि भारत अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं और खाद्य..षि उत्पादों की एक लंबी सूची पर शुल्क घटाएगा या खत्म करेगा। इस सूची में सूखे अनाज, रेड ज्वार, ट्री नट्स, ताज़ा और प्रोसेस्ड फल, "कुछ दालें", सोयाबीन तेल, वाइन और स्पिरिट्स (शराब) शामिल थे। लेकिन संशोधित फैक्टशीट में "दालें" पूरी तरह गायब हैं। अब दस्तावेज़ में सिर्फ यह कहा गया है कि भारत अमेरिकी औद्योगिक और खाद्य–.षि उत्पादों पर शुल्क कम करेगा, जिनमें रेड ज्वार, ट्री नट्स, फल, सोयाबीन तेल, वाइन और स्पिरिट्स शामिल हैं। भारत दुनिया में दालों (मसूर, चना, सूखी फलियां) का सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता है। भारतीय किसानों को नुकसान से बचाने के लिए भारत लंबे समय से अमेरिकी दालों पर ऊंचा आयात–शुल्क लगाता आया है। फैक्टशीट में बदलाव यह संकेत देता है कि भारत ने इस बिंदु पर अपनी आपत्ति साफ तौर पर रखी। संशोधित दस्तावेज़ में एक और अहम बदलाव यह है कि अमेरिका ने .षि उत्पादों का उल्लेख हटा दिया है। पहले कहा गया था कि भारत 500 अरब डॉलर से अधिक के ऊर्जा, सूचना व संचार प्रौद्योगिकी, .षि, कोयला और अन्य अमेरिकी उत्पाद खरीदेगा। नई फैक्टशीट में .षि शब्द नहीं है और प्रतिबद्ध की जगह इरादा रखता है शब्द लिख दिया गया है। यानी अब दावा यह है कि भारत 500 अरब डॉलर से अधिक के ऊर्जा, कोयला और अन्य उत्पाद खरीदने का "इरादा रखता है"–कोई ठोस प्रतिबद्धता नहीं। भारत का .षि क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा है और राजनीतिक रूप से भी संवेदनशील है। कई रिपोर्टों में कहा गया है कि भारत अपने किसानों पर दबाव बढ़ने की आशंका के चलते .षि बाज़ार को पूरी तरह खोलने से बचता आया है। पहले संस्करण में कहा गया था कि भारत डिजिटल सर्विस टैक्स हटाएगा. लेकिन संशोधित फैक्टशीट में यह दावा नहीं है। अब दस्तावेज़ में सिर्फ यह कहा गया है कि भारत डिजिटल व्यापार (डिजिटल ट्रेड) से जुड़े नियमों पर बातचीत करने के लिए तैयार है।

# "बाबरी" का निर्माण, बंगाल से उत्तर प्रदेश तक छिड़ा सियासी घमासान



गुलफिशा खान

पश्चिम बंगाल में हुमायूं कबीर के बाबरी मस्जिद प्रोजेक्ट का यूपी कनेक्शन जितना मजबूत है, असर भी वैसा ही महसूस किया जा रहा है। ऐसा लगता है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए हुमायूं कबीर ने बंगाल में कैंपेन का मसाला तो दे ही दिया है, यूपी चुनाव के लिए भी एक मुद्दा अभी से थमा दिया है। विदित हो कि पश्चिम बंगाल में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं और मुर्शिदाबाद में नई बाबरी को लेकर सियासी तनातनी तेज हो गई है। मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में बीते दिनों 11 फरवरी को बाबरी मस्जिद के निर्माण की औपचारिक शुरुआत हो गई है। जनता उन्नयन पार्टी के अध्यक्ष और विधायक हुमायूं कबीर के नेतृत्व में करीब 1200 लोगों ने कुरान पढ़ी और इसी के साथ मस्जिद निर्माण का कार्यक्रम शुरू हो गया। हालांकि अब इस मुद्दे पर सियासत बंगाल से निकलकर उत्तर प्रदेश तक पहुंच गई है। ऐसे में बड़ा सवाल है कि आखिर क्यों इसे लेकर राजनीतिक बयानबाजी चरम पर है और ऐसा आखिर हो क्यों रहा है। उत्तर प्रदेश के यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मुद्दे पर साफ कहा कि बाबरी मस्जिद जैसी संरचना कभी दोबारा नहीं बनाई बन सकेगी। साथ ही कहा कि "कयामत का दिन कभी नहीं आएगा, इसलिए बाबरी मस्जिद कभी नहीं बन सकेगी।" मुख्यमंत्री योगी के बयान पर घमासान मचना तय था और ऐसा हुआ भी जब समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव से लेकर कांग्रेस नेता इमरान मसूद और हुमांयू कबीर तक बयानबाजी में कूद पड़े। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी पर तंज कसते हुए कहा कि उन्हें उर्दू का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए. मुख्यमंत्री उर्दू के खिलाफ बोलते हैं, फिर भी खुद इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। कयामत शब्द की जगह उन्हें कोई और शब्द इस्तेमाल करना चाहिए था। वहीं बंगाल में बाबरी







मस्जिद के निर्माण को लेकर कांग्रेस नेता इमरान मसूद ने मीडिया से कहा कि देश में फिर से नफरत का माहौल फैलाने की कोशिश हो रही है। यह भाजपा और टीएमसी के बीच की नूरा कुश्ती है। बाबरी के नाम पर मस्जिद बननी नहीं चाहिए. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी कह रहे हैं कि कयामत तक बाबरी के नाम पर मस्जिद नहीं बनेगी, क्या उन्हें कयामत का मतलब पता है। उधर, इस मामले में हुमांयू कबीर की प्रतिक्रिया भी आ गई है। उन्होंने कहा कि योगी जी जो कहें, लेकिन अगर उन्हें निर्माण रोकना है तो उन्हें मुर्शिदाबाद आना होगा। साथ ही कबीर ने कहा कि उन्होंने राम मंदिर निर्माण का विरोध नहीं किया, इसलिए इस प्रोजेक्ट का विरोध समझ से बाहर है। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव में अब बहुत कम वक्त बचा है और बंगाल की राजनीति उफान पर है। ऐसे में इस मुद्दे का अभी और गर्माना तय माना जा रहा है। दरअसल, पश्चिम बंगाल और मुर्शिदाबाद का मुस्लिम फैक्टर बहुत कुछ तय करेगा। मुर्शिदाबाद जिले में करीब 66 से 70 फीसद फीसदी मुस्लिम आबादी है और यह राज्य में सबसे ज्यादा मुस्लिम मतदाताओं वाला इलाका है। ऐसे में यहां पर करीब मुस्लिम वोटर चुनावी खेल बदल सकता है। विधानसभा सीटों पर असररू पश्चिम बंगाल में बड़ी मुस्लिम आबादी है। ऐसे में विधानसभा सीटों पर इसका असर पड़ सकता है। 26 में से 20 सीटें मुस्लिम बहुल है, जहां पर मुस्लिम आबादी परिणाम को प्रभावित कर सकती हैं। मुर्शिदाबाद के शमशेरगंज में करीब 80 फीसदी आबादी मुस्लिम है तो सुति में भी यह 70 फीसदी से ज्यादा है। मुर्शिदाबाद की बाबरी और टाइमलाइन की अगर बात करें तो नवंबर 2024– हुमायूं कबीर ने पहली बार नई बाबरी मस्जिद बनाने का ऐलान किया। 25 नवंबर 2025– मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद शिलान्यास के पोस्टर लगे। 26 नवंबर 2025– भाजपा ने मुर्शिदाबाद में राम मंदिर शिलान्यास का काउंटर ऐलान किया। 3 दिसंबर 2025– टीएमसी ने हुमायूं कबीर से दूरी बनाई, बाबरी वाले बयान से इनकार किया। 5 दिसंबर 2025– कलकत्ता हाईकोर्ट ने शिलान्यास पर रोक लगाने से इनकार किया। 6 दिसंबर 2025– हुमायूं कबीर ने बेलडांगा में बाबरी मस्जिद की नींव रखी। दिसंबर 2025– चंदे में रिकॉर्ड 11 पेटी कैश और 93 लाख रुपये ऑनलाइन जमा हुए। जनवरी–फरवरी 2026– निर्माण 11 फरवरी से शुरू होने की घोषणा। 10 फरवरी 2026– मुख्यमंत्री योगी बोले कयामत तक बाबरी नहीं बनेगी। हिंदुत्व संगठनों का 10–11 फरवरी को मुर्शिदाबाद मार्च का ऐलान। 11 फरवरी 2026– मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद का निर्माण कार्य शुरू।

# अमेरिका के हाथों का खिलौना बनने पर पाकिस्तान को हुआ अब मलाल



शबाब हुसैन

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कई तस्वीरें सामने आई थीं, जिनसे लग रहा था कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान के किराना हिल्स पर भी हमला किया है। किराना हिल्स वो जगह है, जहां पाकिस्तान के परमाणु हथियारों का जखीरा रखा रहता है। इसे लेकर अब वायुसेना ने बड़ा बयान दिया है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के किराना हिल्स पर हुए हमलों के बारे में पूछे जाने पर वाइस एयर चीफ एयर मार्शल नागेश कपूर ने कहा कि हमने इसके बारे में नहीं पता। किराना हिल्स पर हुए हमलों के वीडियो उनके लोगों ने बनाए थे। गौरतलब है कि जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना ने 6–7 मई की रात को ऑपरेशन सिंदूर चलाया था। इसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच 4 दिन तक सैन्य टकराव भी हुआ था। आखिरकार पाकिस्तान की गुजारिश पर 10 मई को सीजफायर हो गया था। इस 4 दिन तक चले ऑपरेशन में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को जमकर नुकसान पहुंचाया था। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के नूर खान एयरबेस समेत कई सैन्य ठिकानों पर भी हमला किया था। भारतीय सेना ने किराना हिल्स पर हमले की बात को नकार दिया था। वहीं अब बात पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ की तो पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने संसद में एक चौंकाने वाला और



अब तक का सबसे तीखा बयान देते हुए कहा है कि अमेरिका ने पाकिस्तान का उपयोग टॉयलेट पेपर से भी बदतर तरीके से किया और फिर उसे फेंक दिया। आसिफ के इस बयान ने पाकिस्तान की दशकों पुरानी विदेश और सुरक्षा नीतियों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। संसद में बोलते हुए आसिफ ने स्वीकार किया कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में धार्मिक युद्ध नहीं, बल्कि अमेरिका द्वारा थोपे गए जिहाद में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि 1980 के दशक में अफगान युद्ध को धार्मिक रंग देना पाकिस्तान की सबसे बड़ी गलती थी। आसिफ के मुताबिक पाकिस्तानियों को गुमराह कर जिहाद के नाम पर लड़ने भेजा गया। यह जंग असल में अमेरिकी हितों का हिस्सा थी। शिक्षा प्रणाली तक को युद्ध को वैध ठहराने के लिए बदला गया। इन विचारधारात्मक जख्मों के निशान आज भी समाज में मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने ऐसे युद्धों में खुद को झोंक दिया जो उसके अपने नहीं थे और इसका नुकसान आज तक झेल रहा है। ख्वाजा आसिफ ने कहा कि 9/11 के बाद पाकिस्तान आसानी से किराये पर उपलब्ध देश बन गया, और अमेरिका को खुश करने के लिए अपने ही हितों की बलि देता रहा। उन्होंने साफ कहा कि पाकिस्तान ने यूएन को वैधता देने के लिए खुद को इस्तेमाल होने दिया।दो पूर्व सैन्य शासक– ज़ियाउल हक़ और परवेज़ मुशर्रफ ने देश को बाहरी युद्धों में झोंक दिया। इन फैसलों ने पाकिस्तान की सुरक्षा, समाज और अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक नुकसान पहुंचाया। ख्वाजा आसिफ ने कहा कि अमेरिका ने पाकिस्तान को इस्तेमाल किया और फिर फेंक दिया। जिस तरह से हमें टॉयलेट पेपर से भी बदतर समझा गया, वह हमारी सबसे बड़ी विफलता है। आसिफ ने कहा कि 2001 के बाद पाकिस्तान ने तालिबान के खिलाफ अमेरिका के साथ खड़े होकर ऐसे जाल में फंस गया जिसकी कीमत आज तक चुकानी पड़ रही है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान हिंसा, कट्टरता और आर्थिक संकट में घिर गया। अमेरिका अपने हित साधकर चला गया। पाकिस्तान अकेला रह गया और भारी कीमत चुकानी पड़ी। आसिफ ने इसे पाकिस्तान के इतिहास की सबसे विनाशकारी रणनीतिक भूल बताया।

# उपभोक्ता आन्दोलन की 40 वर्ष की यात्रा, कितनी न्यायकारी

–अविनाश राय

उपभोक्ता आन्दोलन का सूत्रपात 1986 में बने उपभोक्ता संरक्षण कानून के द्वारा हुआ, जिसमें उपभोक्ताओं के प्रति बरती गई लापरवाहियों, जैसे खराब वस्तुओं की बिक्री या सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही की जांच करके यथोचित आदेश पारित करने के लिए जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तरों पर न्यायालयों के गठन के लिए मार्ग प्रशस्त किए गए। वर्ष 2019 में इस कानून में अनेकों बदलाव भी लाए गए, किन्तु आज यदि 40 साल की इस उपभोक्ता संरक्षण यात्रा का आकलन करें तो ऐसा लगता है कि न्याय मांगने वालों को शीघ्र न्याय में विलम्ब तो देश के सामान्य न्याय व्यवस्था की तरह ही झेलना पड़ रहा है, जबकि दूसरी तरफ देशवासियों की बहुत बड़ी संख्या तो अभी तक अपने इस बहुमूल्य अधिकार के बारे में अंजान ही दिखाई देती है। इसलिए सबसे पहले तो उपभोक्ता संरक्षण अधिकार के प्रति अज्ञानता की इस मूल कमी को दूर करने के लिए इसे शिक्षा व्यवस्था के साथ जोड़ा जाना चाहिए। राजनीति विज्ञान में तो यह एक अच्छा विषय बनाया जा सकता है, बल्कि हिन्दी, अंग्रेजी, पंजाबी, उर्दू सहित देश की सभी भाषाओं की पुस्तकों में मैट्रिक और इंटर स्तर पर भी कुछ न कुछ पाठ जोड़े जा सकते हैं। जब तक ऐसे पाठ्यक्रम सम्भव न हों, तब तक विद्यालयों में गोष्ठियों या नुक्कड़ नाटकों की तरह जागरूकता अभियान चलाए जा सकते हैं। देश के गैर–सरकारी सामाजिक और धार्मिक संगठनों को भी ऐसे अभियानों में शामिल किया जा सकता है। उपभोक्ता अदालतों के माध्यम से जो उपभोक्ता संरक्षण अभियान तीव्र गति से चलना चाहिए था, वह भी आज दिखाई नहीं दे रहा। कहने को उपभोक्ता अदालत व्यवस्था इस रूप में गठित की गई थी कि जिसमें एक सामान्य शिकायत पत्र पर कार्रवाई सम्भव हो सकती थी, परन्तु यहां भी सामान्य अदालतों की तरह छोटी सी राशि वाले मामले में भी वकील करना पड़ता है, मुकद्दमा तैयार होता है, दस्तावेज लगाए जाते हैं, फिर गवाहों की उपस्थिति से याचिका के तथ्यों को सिद्ध करना पड़ता है और अन्त में वकीलों की बहस और फिर आदेश की प्रतीक्षा। इतना ही नहीं, तीन स्तर की अपील पद्धति शिकायतकर्त्ता के लिए आशा के स्थान पर निराशा, थोड़ी सी राशि का दावा करने के स्थान पर उससे अधिक राशियां इस अदालत व्यवस्था की भेंट चढ़ाना और पल भर के निर्णय के स्थान पर दिन, महीने, साल यूं गुजरते जाएंगे तथा तारीख पर तारीख जैसे डायलाग उपभोक्ता अदालतों पर भी बोले जाते हैं। सामान्यतः उपभोक्ताओं की शिकायत किसी घरेलू वस्तु या सेवा से सम्बंधित होती है। ऐसी छोटी–छोटी शिकायतों के निरीक्षण, परीक्षण में सामान्य विवेक का इस्तेमाल करते हुए भी शीघ्र निर्णय सम्भव है। एक व्यक्ति ने दूसरे व्यक्ति को कुछ राशि का भुगतान करने के लिए चौक जारी किया। दूसरे व्यक्ति ने वह चौक अपने बैंक में जमा करवा दिया। बैंक द्वारा राशि प्राप्त होने पर वह राशि किसी गलत खाते में जमा कर दी गई। अब ऐसी सामान्य त्रुटि वाली शिकायत पर किस चीज का गम्भीर या गहरा परीक्षण किया जाना है। शिकायत के साथ व्यक्ति चौक जमा कराने की कॉपी और जिस बैंक से राशि निकली, उसका प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर देता है तो ऐसे मामलों में सारी अदालती प्रक्रिया को लम्बी अवधि की तारीखों के साथ निपटाने में यदि 1–2 वर्ष लग जाते हैं तो स्पष्ट प्रतीत होता है कि उपभोक्ता न्याय प्रणाली में विवेकशीलता या गतिशीलता का तो कोई स्थान ही नहीं है। सामान्य अदालतों की तरह अब उपभोक्ता अदालतों में भी ई–फाईलिंग अर्थात याचिका और सभी दस्तावेजों को पी.डी.एफ. के रूप में अदालतों के निर्धारित काऊंटर पर फाईल करना और इसी प्रक्रिया का अनुसरण जवाब, गवाहियां और लिखित बहस तक किया जाना किसी भी दृष्टि से उपभोक्ता संरक्षण अभियान को एक जन आन्दोलन बनने में सहायता नहीं कर सकता। सूचना के अधिकार ने भी एक आन्दोलन की तरह कानून का रूप लिया था। निःसंदेह यह अभियान तीव्र गति से चल रहा है। हाथ से लिखकर किसी भी विभाग को सूचना उपलब्ध कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया जा सकता है। सामान्यतः 30 दिन के अन्दर उत्तर भी आ ही जाता है। संतोषजनक उत्तर न होने पर अपील भी हस्तलिखित दी जा सकती है और उसका निपटारा भी शीघ्र होता है। दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर केन्द्रीय सूचना आयोग भी इसी प्रकार यथा सम्भव तीव्र गति और अनौपचारिक प्रक्रिया का पालन कर रहा है। मुझे मेरे एक मित्र ने बताया कि केन्द्रीय सूचना आयोग में सुनवाई के लिए 15–15 मिनट के स्लैब निर्धारित किए जाते हैं, जिससे पक्षकारों का समय व्यर्थ नहीं होता। वकील के माध्यम से बहस करो या पक्षकार स्वयं बहस करे। बहस किसी भी भाषा में की जा सकती है और यहां तक कि आवश्यकता पडने पर लिखित बहस के रूप में हाथ से ही संक्षिप्त बिन्दू लिखकर अदालत को दे दिए गए। उपभोक्ता आन्दोलन को भी सूचना के अधिकार जैसी पद्धति अपनानी चाहिए। इसके लिए आवश्यक नहीं कि सरकारें बार–बार कानूनों में संशोधन करें या अनुशासन की किसी कड़ी प्रक्रिया को लागू करें। वास्तव में उपभोक्ता अदालतों के न्यायाधीशों को स्वयं ही अपने अन्दर यह विवेक जागृत करना चाहिए कि जो आदमी अपने उपभोक्ता के अधिकार को कुछ हजार रुपए के रूप में लागू करवाना चाहता है, उसे उस अधिकार की राशि से अधिक राशि और लम्बा समय खर्च करना तो अपने आप में ही एक गम्भीर अन्याय है। औपचारिक अदालती प्रक्रियाओं को शीघ्रातिशीघ्र सम्पन्न करके सीधा याचिकाकर्त्ता से सम्वाद स्थापित करके उपभोक्ता आन्दोलन को वास्तव में न्यायकारी बनाया जा सकता है।

# उभरते भारत के लिए बजट: विकास इंजन के रूप में कपड़ा उद्योग

गिरिराज सिंह

विकसित भारत बजट 2026–27 वैश्विक अनिश्चितता के दौर में आत्मविश्वास, दृढ़ संकल्प और स्पष्ट सुधारोन्मुख दृष्टिकोण की ओर इंगित करता है। भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है तथा निकट भविष्य में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में मजबूती से अग्रसर है। माननीय प्रधानमंत्री के रणनीतिक नेतृत्व में, बीता वर्ष वस्त्र क्षेत्र के लिए एक निर्णायक मोड़ रहा है। 18 एफ.टी.ए. के माध्यम से, भारत को अब 800 बिलियन डॉलर के वैश्विक आयात बाजार में से लगभग 466 बिलियन डॉलर मूल्य के कपड़ा बाजारों तक विशेष पहुंच प्राप्त है, जिसे 110 बिलियन डॉलर के अमरीकी बाजार तक नए सिरे से पहुंच मिलने से और विस्तार मिला है। हाल ही में घोषित भारत–अमरीका व्यापार समझौते से निर्यात के पिछले वर्ष की तुलना में काफी बढने की उम्मीद है। बाजार तक पहुंच को सुदृढ़ करने के साथ–साथ, क्यू.सी.ओ. को हटाए जाने से अनुपालन संबंधी बोझ में कमी आई है, जबकि जी.एस.टी. सुधारों ने लंबे समय से चली आ रही उलटी शुल्क संरचना की समस्या का समाधान किया है, जिससे यह क्षेत्र निर्णायक रूप से फाइबर–न्यूट्रल ढांचे की ओर अग्रसर हुआ है। बजट 2026 को महत्वपूर्ण बनाने वाली बात इसकी निरंतरता और व्यापकता है। कपास उत्पादकता मिशन जैसी पहलें और व्यापक आर्थिक सुधार अब पायलट चरण से आगे बढ़कर स्थायी मंचों में परिवर्तित किए जा रहे हैं, जो संरचनात्मक सुधारों के वास्तविक स्वरूप को दर्शाता है। दशकों तक वस्त्र क्षेत्र को मुख्यतरू कल्याणकारी दृष्टिकोण से देखा जाता रहा। यह बजट वस्त्र क्षेत्र को अब विस्तार, प्रतिस्पर्धात्मकता और दीर्घकालिक राष्ट्रीय विकास के लिए एक मुख्य औद्योगिक रणनीति के रूप में पुनरू स्थापित करते हुए उस सोच में एक निर्णायक परिवर्तन का संकेत देता है। भारत का वस्त्र एवं परिधान क्षेत्र देश के जी.डी.पी. में लगभग 2.3 प्रतिशत का योगदान देता है, औद्योगिक उत्पादन का लगभग 12 प्रतिशत हिस्सा है और 5.2 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करता है, जिससे यह अर्थव्यवस्था का एक अत्यंत महत्वपूर्ण स्तंभ बन जाता है। हालांकि वैश्विक वस्त्र एवं परिधान निर्यात में भारत की हिस्सेदारी लगभग 4 प्रतिशत है, जो इस क्षेत्र में विस्तार की अपार संभावनाओं को रेखांकित करती है। सरकार ने इस दिशा में एक स्पष्ट और महत्वाकांक्षी मध्यम अवधि का लक्ष्य निर्धारित किया है। 2030 तक वस्त्र क्षेत्र का आकार 350 बिलियन डॉलर तक पहुंचाना और निर्यात को 100 बिलियन डॉलर तक विस्तारित करना। वस्त्र क्षेत्र की प्रगति को लंबे समय से बाधित करने वाला एक प्रमुख कारण पुराने उत्पादन क्लस्टरों पर इसकी निर्भरता रहा है, जो उत्पादकता और विस्तार को सीमित करता है। विनिर्माण संबंधी दक्षता बढ़ाने और लॉजिस्टिक्स लागतों को कम करने के लिए इकोसिस्टम का आधुनिकीकरण अनिवार्य है। बजट 2026 देशभर में 200 औद्योगिक क्लस्टरों के आधुनिकीकरण का प्रावधान करते हुए इस आवश्यकता का सीधे तौर पर समाधान करता है। साक्ष्य दर्शाते हैं कि क्लस्टर–आधारित विनिर्माण से श्रम उत्पादकता में 20 से 25 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है और प्रति इकाई लॉजिस्टिक्स लागत में 30 प्रतिशत तक की कमी लाई जा सकती है। मैगा टैक्सटाइल पार्कों, सांझा प्रसंस्करण सुविधाओं तथा प्लग–एंड–प्ले इकोसिस्टम में किए गए निवेश बड़े पैमाने पर स्थायी लागत को कम करते हैं। वस्त्र क्षेत्र के रूपांतरण के केंद्र में रोजगार सृजन और कार्यबल की तैयारी हैं। वस्त्र उद्योग, पूंजी–प्रधान उद्योगों की तुलना में प्रति करोड़ रुपए के निवेश पर लगभग 3 गुना अधिक रोजगार सृजित करता है और क्रमिक पहलों के माध्यम से पूरी मूल्य शृंखला में कौशल विकास और रोजगार–योग्यता को सुदृढ़ करने पर निरंतर ध्यान दिया गया है। इस क्लस्टर–आधारित विकास के समर्थन से, वस्त्र विस्तार एवं रोजगार योजना के तहत अगले 5 वर्षों में 2 से 3 करोड़ अतिरिक्त आजीविकाओं को सहारा मिलने की संभावना है। इस गति को समर्थ 2.0 के माध्यम से और बल दिया गया है, जिसके अंतर्गत 2026 से 2031 के बीच 2,800 करोड़ रुपए का प्रावधान कर 15 लाख उद्योग–तैयार श्रमिकों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस रोजगार और कौशल वृद्धि को सतत् विकास में बदलने के लिए, वस्त्र मूल्य शृंखला में काम करने वाली सभी इकाइयों के पास विस्तार और प्रतिस्पर्धा करने की वित्तीय क्षमता होनी आवश्यक है। वस्त्र इकोसिस्टम की रीढ़ एम.एस.एम.ई. को पहचानना बजट 2026 का मुख्य फोकस है, जो उनकी सबसे बड़ी रुकावट–तरलता को सीधे तौर पर दूर करता है। 10,000 करोड़ रुपए का एस.एम.ई. ग्रोथ फंड, मजबूत टी.आर.ई.डी.एस. प्लेटफॉर्म के माध्यम से विस्तारित चालान वित्तपोषण और सरकारी भुगतान चक्रों में तेजी कार्यशील पूंजी पर दबाव को कम करते हैं क्योंकि अकेला विलंबित भुगतान ही प्रति वर्ष लगभग 15 प्रतिशत एम.एस.एम.ई. पूंजी को अवरुद्ध कर देता है। बजट 2026 में मूल्य शृंखला में पर्यावरणीय रूप से जिम्मेदार प्रथाओं का समावेश और स्थिरता को भविष्य में निर्यात प्रतिस्पर्धा के प्रमुख चालक के रूप में स्वीकार करते हुए टैक्स ईको पहल के जरिए वस्त्र क्षेत्र में स्थिरता को एक डिजाइन सिद्धांत के रूप में भी शामिल किया गया है। बजट के गणित से राष्ट्रीय दिशा तक–विकसित भारत का मार्ग रू पहली बार वस्त्र क्षेत्र को केवल एक पारंपरिक उद्योग के रूप में नहीं, बल्कि भविष्य के रोजगार और उद्यमिता इंजन के रूप में स्थापित किया जा रहा है। 2020 से 2030 के बीच लगभग 5 करोड़ नए रोजगार सृजित करने की क्षमता के साथ, यह क्षेत्र भारत की श्रम–प्रधान विकास रणनीति के केंद्र में है। यह बजट विकसित भारत 2047 और उससे आगे के स्वरूप को आकार देते हुए भारत को उत्पादक रोजगार और प्रतिस्पर्धात्मक उद्यमिता के क्षेत्र में 'सोने की चिडिया' के रूप में लौटने का आधार देता है।

# अपहरण व हत्या का झूठा नाटक रचने वाले दो युवक गिरफ्तार

## - विपक्षियों को फंसाने के लिए रची थी साजिश
## - खाली कार और खून का किया गया इस्तेमाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। जनपद में अपहरण और हत्या की झूठी सूचना देकर पुलिस को गुमराह करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्वयं के अपहरण व हत्या का स्वांग रचने वाले दो युवकों को गिरतार कर लिया है। पुलिस अध ीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच की गई।



जानकारी के अनुसार, 11 फरवरी 2026 की रात थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में सूचना दी गई कि ग्राम शाहमहोली निवासी इस्लाम और तहसीम का अपहरण कर हत्या कर दी गई है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची, जहां नहर पुलिया के पास एक स्विट डिजायर कार लावारिस हालत में बरामद हुई। जांच और साक्ष्य संकलन के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि न तो कोई अपहरण हुआ था और न ही हत्या। पूछताछ में सामने आया कि दोनों युवकों ने गांव के प्रधान प्रतिनिधि से चल रही रंजिश के चलते उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने के उद्देश्य से यह पूरी साजिश रची थी। आरोपियों ने कार में खून फैलाकर मोबाइल और चाबी वहीं छोड़ दी थी, ताकि घटना को वास्तविक रूप दिया जा सके। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को नानकारी नहर पुलिया के पास से बरामद कर गिरतार कर लिया है। उनके खिलाफ झूठी सूचना देने और षड्यंत्र रचने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि झूठी सूचनाएं देकर कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पागल सियार के काटने से मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

तम्बौर, सीतापुर। क्षेत्र के ग्राम सिसैया में एक व्यक्ति की मृत्यु पागल सियार के काटने से हो गयी। बताते चलें कि ग्राम सिसैया



मजरा सिसैया दरियाना में बीते माह 13 जनवरी 2026 को गांव के दक्षिण निर्माणाधीन मकान में सोते समय शिवकुमार पुत्र झब्बू उम्र 45 वर्ष को पागल सियार ने काट लिया था बाद उसके करीब एक माह बाद 10 फरवरी 2026 की शाम शिवकुमार की तबियत बिगड़ने पर परिजन उसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेउसा लेकर गए जहां पर डॉक्टरों ने बताया कि मरीज को पागल सियार के काटने से हालात नाजुक है और आनन फानन लखनऊ के लिए रिफर कर दिया। जहाँ पर आज इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी। खबर की सूचना गांव में पहुंचने पर समस्त ग्रामीण स्तब्ध हैं। वहीं पर परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। शिवकुमार की असमय मृत्यु की बात सुनकर सभी ग्रामवासी व शुभचिंतकों की आंखे नम हैं।

# अधिवक्ता की हत्या के विरोध में गरजी बार एसोसिएशन

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर, लहरपुर। उत्तर प्रदेश के रामपुर में अधिवक्ता फारूक अहमद खान की दिनदहाड़े हुई नृशंस हत्या की गूँज अब सीतापुर के लहरपुर तक पहुँच गई है। शुक्रवार को लहरपुर बार एसोसिएशन के आह्वान पर अधिवक्ताओं ने पूरी तरह से न्यायिक कार्यों का बहिष्कार किया और प्रशासनिक अधिकारियों को अपनी सुरक्षा को लेकर अल्टीमेटम दिया।



## उसिया मिनी स्टेडियम में जल्द होगी बिजली की व्यवस्था : इमरान

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। तहसील जमानिया क्षेत्र में वीर अब्दुल हमीद स्टेडियम रामपुर फुफुआव में फुटबॉल के फाइनल मुकाबला के दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित समाजसेवी और उसिया प्रधान प्रत्याशी इमरान खान ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उसिया में खेल को बढ़ावा देने के लिए, उसिया के स्टेडियम में लाइट की व्यवस्था जल्द की जाएगी। जल्द पोल और तार खिंचवाया जाएगा जिससे खिलाड़ी रात में भी अभ्यास कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जब बारा गाँव मे दो खेल का मैदान हो सकता है तो उसिया में भी हो सकता है। इमरान खान ने कहा खेल के क्षेत्र में युवा पीढ़ी को लाना और खेल में कैरियर बनाना उनकी प्राथमिकता है।



# साइकिल यात्रियों का अपर्णा यादव ने किया सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। राज्य महिला आयोग कार्यालय विभूतिखण्ड गोमतीनगर में शुक्रवार को उपाध्यक्ष राज्य महिला आयोग अपर्णा यादव ने काठमांडू नेपाल निवासी शुभ प्रसाद शर्मा एवं यमुना ढकाल द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए नेपाल होते हुए उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, बस्ती, अयोध्या होते हुए लखनऊ आगमन हुआ। इस दौरान महिला आयोग कार्यालय में दोनों साइकिल यात्रियों को अपर्णा यादव द्वारा अंग वस्त्र पहनाकर प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया और सनातन गोरखा कल्याण समिति द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर्णा यादव ने दोनों को साइकिल यात्रा के लिए मंगल कामनाएं की व उनको ढेरों बधाई दी। सनातन गोरखा कल्याण समिति के अध्यक्ष गौरव सिंह व महामंत्री शानूमल्ल कौशल, प्रदेश उपाध्यक्ष ओगकार नाथ चौरसिया, जिलाध्यक्ष राजेश कुमार, मोनिका मिश्रा, हिमांशु जैसवाल, चांदनी, अंजू चौधरी आदि उपस्थित रहे।



# निक्की आई प्रथम 100 मीटर दौड़ व लंबी कूद में

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में बृहस्पतिवार को नेहरू स्टेडियम में 41 वीं जनपदीय बाल क्रीड़ा एवं सांस्.तिक प्रतियोगिता शुरू हुई। प्रतियोगिता 100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर (बालक वर्ग) में शाहनवाज ब्लॉक जलीलपुर ने प्रथम स्थान पाया। 100 मीटर जूनियर बालिका वर्ग एवं लंबी कूद में छात्रा निक्की ब्लॉक कोतवाली ने प्रथम स्थान पाया। दो दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह, जिलाधि ाकारी जसजीत कौर, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, बीएसए सचिन कसाना, बीईओ चरण सिंह ने किया। जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र चौधरी ने



विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा, इन छात्रों का स्टैमिना अन्य कॉन्वेंट स्कूलों के बच्चों की तुलना में बहुत अधिक है और निश्चित रूप से यह कल के भारत का स्वर्णिम भविष्य बनेंगे। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा, ये सभी बच्चे ऊर्जा से परिपूर्ण हैं और इनमें बहुत क्षमताएं हैं। यदि इन्हें सही समय पर अच्छे अवसर प्राप्त होंगे, तो निश्चित रूप से देश का नाम रोशन करेंगे। बीएसए सचिन कसाना ने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन गुलशन गुप्ता, आकांक्षा चौधरी और शमीम अहमद ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में समाजसेवी योगेंद्र पाल सिंह योगी, बीईओ सूर्यकांत गिरी, डॉ. प्रभात कुमार, अलका देवी, डीसी प्रशिक्षण अनुज कुमार शर्मा, लियाकत अली, अतुल कुमार भटनागर, रामोतार सिंह, रूचिका चौधरी, दुष्यंत कुमार, भूपेंद्र चौध ारी, अशद जमाली आदि रहे।

# गैस पाइपलाइन के डेथ ट्रैप में समाई गाय, लोगों ने बचाई जान

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। शहर के मेला मैदान क्षेत्र में उस समय अफरा–तफरी मच गई, जब भारत पेट्रोलियम की लापरवाही से खोदे गए एक गहरे गड्ढे में बेसहारा गाय गिर गई। पानी से लबालब भरे इस गड्ढे में गाय पूरी तरह फंस चुकी थी। गनीमत रही कि स्थानीय लोगों की नजर समय पर पड़ गई और करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गाय को सुरक्षित बाहर निकाला जा सका।



हादसों को दावत देती गुजरात की कंपनी स्थानीय निवासियों का सीध ा आरोप है कि गैस पाइपलाइन बिछाने का काम कर रही गुजरात की आरएस कंपनी सुरक्षा मानकों के साथ खिलवाड़ कर रही है। पाइपलाइन डालने के नाम पर पूरी सड़क को खोद दिया गया है, लेकिन सुरक्षा के नाम पर शून्य व्यवस्था है। गहरे गड्ढों के चारों ओर कोई सुरक्षा घेरा नहीं बनाया गया है। गायब हैं चेतावनी बोडरू रात के अंधेरे या बारिश के समय राहगीरों को गड्ढे का पता ही नहीं चलता। गड्ढों को खुला छोड़कर ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारी गायब हैं। यह कोई पहली घटना नहीं है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इसी जगह पर कुछ दिन पहले एक बाइक सवार भी पानी से भरे गड्ढे में गिरकर गंभीर रूप से चोटिल हो गया था। प्रशासन की चुप्पी यह सवाल खड़ा करती है कि क्या विभाग को किसी बड़े जानी नुकसान का इंतजार है? ये गड्ढे नहीं, मौत के कुएं हैं। भारत पेट्रोलियम और कार्यदायी संस्था को आम जनता की जान की कोई परवाह नहीं है। प्रशासन को तुरंत इस पर संज्ञान लेना चाहिए। स्थानीय नागरिक प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग सीतापुर के जागरूक नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि लापरवाह कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और सभी खुले गड्ढों को तत्काल प्रभाव से ढका जाए या वहां पुख्ता बैरिकेडिंग सुनिश्चित की जाए।

# इंटर के छात्र-छात्राओं का मनाया विदाई समारोह

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। वर्ष 2026 बैच के इंटर के छात्र, छात्राओं का बिदाई समारोह आयोजित किया गया। कक्षा 11 के छात्र छात्राओं ने 12 के छात्र छात्राओं को भावभीनी विदाई दी। इस विदाई समारोह के मुख्य अतिथि आशीष शुक्ला रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आशीष शुक्ला तथा प्रधानाचार्य अवधेश कुमार अवस्थी द्वारा दीप प्रज्वलन तथा ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा तथा अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर नगर के पत्रकार रघुवंश अवस्थी भी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इसके बाद आए हुए अतिथियों का स्वागत किया गया। उनके स्वागत में एक स्वागत गीत इंटर की छात्राओं सारिका मौर्या, अंशिका जायसवाल, तनुष्का जायसवाल द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके बाद छात्र छात्राओं द्वारा नृत्य के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के शिक्षक, शिक्षक शिक्षिकाओं में विनोद कुमार शुक्ला, .ष्णचंद्र द्विवेदी, संजीत मिश्रा, अजीम अहमद, नीता सिंह, शैल सिंह, विनीत जायसवाल, रमेशचंद्र मिश्रा, आदित्य वर्मा, आरती निगम, क्षमा जायसवाल, सुधा भारती, अर्शिता सिंह, रमाशंकर पाण्डेय, शिवकुमार मिश्रा ने इंटर के बच्चों को विदाई गीतों के माध्यम से तथा अपने वक्तव्यों से आशीर्वाद दिया। उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सभी ने बच्चों को परीक्षा संबंध ी टिप्स दिए। विद्यालय के प्रबंध ाक अनिल कुमार पुरी ने फोन द्वारा सभी बच्चों को परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने सभी बच्चों को आने वाली बोर्ड परीक्षा के लिए अपनी शुभ कामनाएं दीं तथा कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक विजय कुमार निगम ने किया। अंत में विद्यालय के प्रध ाानाचार्य ने आए हुए सभी गणमान्य आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। बच्चों को शुभाशीष दिया। बच्चों को सूक्ष्म जलपान कराया गया। छोटा सा गिट देकर कार्यक्रम का




समापन किया गया।

# सिस्टम की संवेदनहीनता की भेंट चढ़ा अटरिया

## - प्यासी महिलाएं, रोते बच्चे और सोता प्रशासन!
## - विकास के दावों की उड़ रही धज्जियां, क्या कागजों पर ही मिल रहा हर घर जल

न्यूज वाणी ब्यूरो

अटरिया, सीतापुर। प्रदेश सरकार जहाँ एक ओर हर घर जल और नल से जल जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं का ढिंढोरा पीट रही है, वहीं जनपद के सिध ौली विकास खंड के अटरिया कस्बे से आई तस्वीरें सरकारी दावों के खोखलेपन को उजागर कर रही हैं। अटरिया स्टेशन चौराहे के सामने, नेशनल हाईवे के किनारे बसे इस मोहल्ले में करीब 200 से 250 की आबादी बूंद–बूंद पानी के लिए तरस रही है। यहां लगा इकलौता सरकारी इंडिया मार्का हैंडपंप महीनों से सफेद हाथी बना खड़ा है, लेकिन मजाल है कि किसी जिम्मेदार अधिकारी की नींद टूटी हो।मोहल्ले की महिलाओं के लिए जीवन नरक बन चुका है। घरेलू कामकाज, खाना बनाना और साफ–सफाई के लिए पानी जुटाना अब एक युद्ध जीतने जैसा है। विडंबना देखिए, मोहल्ले की महिलाएं छोटी–छोटी



बाल्टियों और बर्तनों के साथ दूर–दराज के क्षेत्रों से पानी ढोने को मजबूर हैं। हम सुबह उठते ही पानी की चिंता में लग जाते हैं। कई बार अधिकारियों से हाथ–पैर जोड़े, लेकिन हमारी सुनने वाला कोई नहीं है। शिकायतों का अंबार, पर पंचायती तंत्र की श्कुंभकर्णी नींदश हैरानी की बात यह है कि पीड़ित परिवारों ने संबंधित पंचायती राज अधिकारियों और ग्राम पंचायत स्तर पर कई बार मरम्मत की गुहार लगाई है। बार–बार किए गए अनुरोधों के बावजूद, अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं। मोहल्ले वासियों का आरोप है कि शिकायत सुनने के बजाय अधिकारी उन्हें टरका देते हैं। यह सीधा–सीधा जनता के मौलिक अधिकारों का हनन है। आखिर बजट कहाँ जा रहा है? हैंडपंप की मरम्मत जैसे छोटे से कार्य के लिए भी क्या अब मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप का इंतजार किया जा रहा है? हाईवे पर चमक, गलियों में प्यासरू सरकार को सीधी चुनौती एक तरफ नेशनल हाईवे पर फर्राटा भरते वाहन आधुनिक भारत की तस्वीर पेश करते हैं, तो ठीक उसी से सटे इस मोहल्ले में लोग पानी के लिए त्राहि–त्राहि कर रहे हैं। प्रशासन की इस घोर लापरवाही ने सरकार की छवि को भी दांव पर लगा दिया है। ग्रामीणों ने अब आर–पार की लड़ाई का मन बना लिया है। यदि शीघ्र ही इस इंडिया मार्का हैंडपंप को दुरुस्त कर जल आपूर्ति बहाल नहीं की गई, तो आक्रोशित मोहल्ले वासी नेशनल हाईवे जाम करने और तहसील मुख्यालय पर उग्र प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

# हरगांव महोली रोड पर नहीं थम रहा ओवरलोड वाहनों का आवागमन

## - बढ़ रहे हादसे प्रशासन बना मौन

न्यूज वाणी ब्यूरो

हरगांव, सीतापुर। हरगांव महोली मार्ग पर थाना क्षेत्र इमलिया सुल्तानपुर के अंतर्गत पुलिस चौकी काजी कमालपुर के मुहाने पर होकर गुजरतें ओवर लोड व ओवरहेड वाहनों से हरगांव महोली रोड पर आये दिन हो रहे हादसे व लग रही जाम। रोड से होकर गुजरते ओवर लोड ओवरहेड वाहनों पर प्रशासन नहीं लगा पा रहा लगाम। दे रखा है हादसों को दावत देने की छूट। ज्ञात हो विगत दिनों काजी कमालपुर चौकी चौराहे पर निर्माणाधीन पुलिया के समीप हुये भयंकर हादसे में एक महिला की जान चली गई थी।हादसे के बाद कुछ दिन पुलिस सक्रिय मोड में नजर आयी। वही बीते बुधवार को पुनः रोड से ओवरलोड व ओवरहेड वाहनों का आवागमन देखने को मिला। रोड पर दौड़ते अनफिट व ओवरलोड वाहनों से मार्ग पर गुजरतें राहगीरों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। साथ ही मुख्य चौराहें पर स्थित विद्यालयों के बच्चों को भी हर समय खतरा बना रहता है। स्थानीय बाशिंदों का कहना है कि हरगांव चीनी मिल से बैगास भर कर हरगांव से काजी कमालपुर होकर महोली की तरफ व हरगांव से पिपरझला मार्ग से लगातार ओवरलोड वाहन निकलते रहतै हैं। जबकि इन वाहनों से आये दिन दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं और विद्युत विभाग की लाइन भी छतिग्रस्त हो जाती है। इन सबके बावजूद प्रशासन व परिवहन विभाग कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है। जबकि ओवरलोड व ओवरहेड वाहनों के विषय पर कई बार मीडिया द्वारा खबर भी प्रकाशित की जा चुकी है। पूर्व में मुख्य चौराहें पर कई दुर्घटनाएं भी हो चुकी है। जिसके बावजूद भी परिवहन विभाग की तरफ से कार्यवाही नहीं की जा रही है। जो काफी चिंतनीय है।

# नेशनल बाडी बिल्डिंग चैंपियन प्रवीण का हुआ सम्मान

## – डिस्ट्रिक बाडी बिल्डिंग एंड फिटनेस एसोसिएशन ने आयोजित किया कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो/मऊ। तेलंगाना में आयोजित नेशनल बाडी बिल्डिंग प्रतियोगिता अंडर–19 में जनपद के होनहार प्रवीण यादव ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। इस दिशा में चैंपियन प्रवीण को डिस्ट्रिक बाडी बिल्डिंग एंड फिटनेस एसोसिएशन द्वारा शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित करते हुए अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। डिस्ट्रिक बाडी बिल्डिंग एंड फिटनेस एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ सुजीत सिंह ने बताया कि यह जनपद के लिए बहुत ही गौरव की बात है। जिले के प्रतिभाएं खेल के सभी क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही हैं। प्रवीण के नेशनल चैंपियन होने से युवाओं को इस दिशा में भविष्य बनाने में प्रेरणा मिलेगी। जिले की प्रतिभाओं को नया आयाम दिलाने की दिशा मेंडिस्ट्रिक बाडी बिल्डिंग एंड फिटनेस एसोसिएशन निरंतर प्रयास करता रहेगा। प्रसिद्व चिकित्सक डॉ संजय सिंह ने आगामी जून मेंसाउथ–ईस्ट एशिया बाडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में प्रवीण भारत का नेतृत्व करेंगे। यह अपने जिले और प्रदेश के लिए गौरव का क्षण होगा। स्थानीय प्रतिभाओं के विकास के लिए डिस्ट्रिक बाडी बिल्डिंग एंड फिटनेस एसोसिएशन द्वारा सभी स्तर पर कोशिश की जा रही है। आने वाले दिनों में जिला स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन किया




जाएगा। इसके साथ ही प्रवीण को अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने में सभी संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

# महिला परिचालक ने की मनचले की पिटाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। रोडवेज परिसर में महिला परिचालक ने छेड़छाड़ करने पर एक मनचले की जमकर पिटाई की। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। बिजनौर डिपो परिसर में एक युवक ने महिला परिचालक का दुपट्टा खींचकर अभद्रता की। इसका महिला परिचालक ने विरोध करते हुए शोर मचा दिया। महिला परिचालक का शोर सुनकर कर्मचारी मौके पर पहुंचे।



कर्मचारियों व महिला परिचालक ने युवक की लात–घूंसे से पिटाई की। इस दौरान परिसर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने युवक को कर्मचारियों से बचाया। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक अशोक कुमार ने बताया कि महिला परिचालक से छेड़छाड़ का मामला संज्ञान में आया है। वहीं, थाना प्रभारी राम प्रताप सिंह ने बताया कि इस तरह की पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गई।

# होमगार्ड की हार्टअटैक से मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो /बिजनौर, धामपुर। कांवड डयूटी के दौरान बृहस्पतिवार सवेरे गौरा बादल पुलिस चौकी पर तैनात 50 वर्षीय होमगार्ड गजराम सिंह पुत्र होरी सिंह की अचानक तबियत बिगड़ने से मौत हो गई। मृतक के शव को पीएम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मृतक की मौत के सही कारणों का पता लग सकेगा। कोतवाल मृदुल कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव सरकथल साहनी निवासी गजराम सिंह धामपुर थाने में होमगार्ड में तैनात था। उसकी ड्यूटी स्योहारा मार्ग पर गोरा बादल चौकी पर लगी थी। सुबह होमगार्ड गजराम सिंह की अचानक तबियत खराब हो गई। उन्हें निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। डाक्टरों का कहना है कि ऐसा लगा रहा है कि गजराम की मौत हार्ट अटैक आने से हुई है। परिवारजनों को सूचना दे दी गई थी। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# फंदे पर लटका मिला महिला का शव

न्यूज वाणी ब्यूरो /बिजनौर, नूरपुर। बृहस्पतिवार की सुबह शिवाला कलां थाने के गांव फीना में पिंकी (27) पत्नी रवि का शव फंदे से लटका मिला। मृतका के पिता ने सुसराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। मृतका के परिजनों ने बताया कि बृहस्पतिवार की सुबह पिंकी घर पर अकेली थी। उसने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घर लौटने पर परिजनों ने उसका शव लटका देखा।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। गावं पहुंचे मायके वालों ने दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। थाना चांदपुर के तखतपुर निवासी मृतका के पिता हरनाम सिंह ने बताया कि पिंकी की शादी 2018 में रवि के साथ हुई थी। आरोप है कि ससुराल वाले आए दिन उसे दहेज की मांग को लेकर परेशान करते थे। मृतका अपने पीछे तीन बच्चों सिवान (7), अयान (5) और खुशी (2) को रोते–बिलखते छोड़ गई। पिता की ओर से थाने में तहरीर दी गई है। सीओ देश दीपक ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# मनरेगा बचाओ संग्राम : कांग्रेस का जोरदार पैदल मार्च

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। भारतीय जनता पार्टी की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के मूल उद्देश्य और स्वरूप को कमजोर करने तथा उसका नाम बदलकर उसकी आत्मा को समाप्त करने के विरोध में आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत जिला कांग्रेस कमेटी, मऊ के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन और पैदल मार्च का आयोजन किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री राजमंगल यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भीटी स्थित भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मार्च की शुरुआत की। इसके बाद यह पदयात्रा बाल निकेतन तिराहा, पंडित अलगू राय शास्त्री (मऊ बस स्टैंड), गाजीपुर तिराहा होते हुए मऊ सदर अस्पताल परिसर में स्थापित मऊ के सृजनकर्ता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री विकास पुरुष स्व. कल्पनाथ राय की प्रतिमा तथा अंत में जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित कामरेड जय बहादुर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संपन्न हुई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्री राजमंगल यादव ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस की डॉ. मनमोहन सिंह सरकार ने मनरेगा के माध्यम से महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने को साकार करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया था। इस योजना ने करोड़ों ग्रामीण परिवारों को रोजगार का कानूनी अधिकार दिया और गरीबों के हाथों में सम्मानजनक आजीविका की ताकत सौंपी। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान मोदी सरकार लगातार बजट में कटौती, भुगतान में देरी और जटिल प्रक्रियाओं के जरिए मनरेगा को कमजोर करने का सुनियोजित प्रयास कर रही है। यह गरीब, किसान और मजदूर विरोधी मानसिकता का स्पष्ट प्रमाण है। मनरेगा यात्रा प्रभारी राघवेंद्र प्रताब सिंह ने कहा, "मनरेगा सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि गरीबों का स्वाभिमान और उनका अधिकार है। भाजपा सरकार इसे खत्म कर पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाना चाहती है, लेकिन कांग्रेस पार्टी चुप नहीं बैठेगी। हम सड़क से सदन तक संघर्ष करेंगे और गरीबों का हक छिनने नहीं देंगे।" कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, युवा, महिला एवं ग्रामीण प्रतिनिध ा शामिल रहे। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मनरेगा को बचाने और उसे मजबूत करने की मांग उठाई। कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया कि यदि केंद्र सरकार ने मनरेगा के साथ छेड़छाड़ बंद नहीं की तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। यह संघर्ष गरीबों के रोजगार, सम्मान और अधिकार की रक्षा के लिए निरंतर जारी रहेगा। ओमप्रकाश ठाकुर, उदय प्रताप राय घनश्याम सहाय, कैलाश चौहान, रामकेश सिंह पटेल इंतेखाब आलम, मनोज गिहार, विष्णु कुशवाहा, हफीजुर्रहमान सईदुर्रहमान अंसारी, एडवोकेट सुहेल अहमद, रमन पांडेय, रामकेश पटेल, फहद कादिर, अमरनाथ योगी, अरविंद कुमार सिंह, चन्द्रभान यादव, सुरेश राजभर हरिश्चंद्र यादव हंसनाथ तीसरी, रतनेश राय, पशुराम, राहुल मौर्या, उमर फारूक, मो. इस्माइल, सरोज पाण्डे, गीता देवी, मंजू देवी, बादामी देवी, सुरेश राजभर, प्रदीप तिवारी, मो. कैफ सहित भारी संख्या में उपस्थित रहे।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# मंडल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में जनपद ने पाया द्वितीय व तृतीय स्थान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब आगरा के तत्वाधान में मंडल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन एमडी जैन इंटर कॉलेज, हरी पर्वत आगरा में जिला विद्यालय निरीक्षक आगरा चन्द्रशेखर एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य जीएल जैन के संयोजन में किया गया।



कार्यक्रम का प्रारंभ रामनाथ गौतम, डॉ निखिल जैन एवं जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया। जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस प्रदर्शनी में आगरा के साथ मंडल से आए विभिन्न जनपद के विद्यार्थियों ने अपने मॉडल का प्रदर्शन किया जिनका चयन अपने–अपने जनपदों में जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता के आधार पर हुआ था। जिसमें फिरोजाबाद के चयनित विद्यालयों के प्रतिभागियों ने अपने मॉडलों का प्रदर्शन निर्णायक मंडल के समक्ष किया। जनपद के विद्यार्थियों ने इलेक्ट्रिक लाइन सेटी सिस्टम, स्टेपिंग टैंक, स्मार्ट सेटी अलर्ट प्रो सिस्टम, ऑटोमैटिक पॉल्युशन क्लीनर, सेफ मूर्ति विसर्जन, अग्निनोवा भारत, कोण मापक, सोनार राडार, इलेक्ट्रिक कार रिमोट कण्ट्रोल आदि मॉडल बनाकर सभी निर्णायक अतिथियों को अपने भावी वैज्ञानिक होने का परिचय दिया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन डॉ. रामनाथ गौतम, डॉ ज्योतिका खरबंदा, डॉ शालिनी वर्मा, पंकजा मिश्रा ने किया। जिसमें द्वितीय स्थान जनपद फिरोजाबाद के सिरसागंज के श्री एमडी जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज के वाशु देव ने प्राप्त किया। इसके साथ तृतीय स्थान डिवाइन इंटरनेशनल एकेडमी सिरसागंज की पावनी जैन एवं वैष्णवी ने प्राप्त करके जनपद का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि द्वितीय स्थान पर चयनित छात्राओं को जिला विज्ञान क्लब आगरा द्वारा 7000 रुपये एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र को 5000 रुपये की धनराशि आरटीजीएस के माध्यम से उनके खाते में भेजी जाएगी। इसके साथ ही चयनित प्रतिभागी राज्य स्तर की विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, मोमेंटो, मेडल प्रदान करके सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक जिला विज्ञान क्लब के अश्वनी कुमार जैन एवं रीनेश मित्तल ने किया। सभी का आभार डॉ निखिल जैन ने किया। कार्यक्रम में अनु वर्मा, गौरव जादौन, राजकुमार सिंह, ललित कुमार, मनोज कुमार, शिवम कुमार आदि उपस्थित रहे।

# एसएसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन में परेड की ली सलामी

## - शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए पुलिस कर्मियों को लगवाई दौड़

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार परेड़ की सलामी ग्रहण की गयी तत्पश्चात एसएसपी द्वारा परेड़ में उपस्थित कर्मचारीगण का टर्न आउट चौक करते हुए सम्पूर्ण ड्रिल की टोलीवार कार्यवाही करवाई गयी। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिये दौड़ लगवाई गयी। साथ ही बाधा ड्रिल की सम्पूर्ण कारवाई कराई गयी। परेड़ के पश्चात एसएसपी द्वारा परिवहन शाखा, रेडियो शाखा, बैरक, भोजनालय, कैंटीन, आटा चक्की, लाइब्रेरी, आरटीसी कम्प्यूटर लैब, क्वार्टर गार्द, आर्म्स वर्क शॉप, स्टोर, डीएफएमडी कक्ष, कैश कार्यालय, व्यायामशाला आदि का बारीकी से निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। परेड़ के दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी लाइन, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।




# कांग्रेस की मनरेगा बचाओ 15 किमी पदयात्रा, जनजागरण का संदेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय तथा प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के प्रदेशव्यापी आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में 'मनरेगा बचाओ' वृहद पदयात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा का नेतृत्व जिलाध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह ने किया। पद यात्रा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर हाकिम सिंह के स्मृति स्थल रमवापुर चौराहे से शुरू होकर रामसुंदर मिश्रा स्मारक (नकटी चक), जैमरा स्थित राजेंद्र प्रसाद स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी के समाधि स्थल, सरवा, ताजोपुर, गोबरहा, एलिया सहित विभिन्न गांवों से गुजरते हुए लगभग 15 किलोमीटर तक निकाली गई। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क कर मनरेगा के समर्थन में जनजागरण किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त मनरेगा पर्यवेक्षक जयंत कुमार गौतम एवं जिला मनरेगा बचाओ अभियान के कोऑर्डिनेटर आकिब नदीम एडवोकेट ने भाग लेकर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। पदयात्रा का संचालन वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं राष्ट्रीय प्रशिक्षक विनय सिंह ने किया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने मनरेगा को ग्रामीण आजीविका से जुड़ा महत्वपूर्ण कानून बताते हुए इसे मजबूत बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मनरेगा बचेगा तभी देश के गरीबों का रोजगार सुरक्षित रहेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनहित के मुद्दों पर निरंतर संघर्ष के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम की शुरुआत कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं स्वतंत्रता सेनानी सरोजिनी नायडू की जयंती पर जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष रमेश चंद्र मिश्र एवं उनकी टीम द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण और सामूहिक सलामी देकर की गई। इस अवसर पर जगदीश सिंह, वशीर अंसारी, रामनरेश यादव, रवींद्र स्वरूप, अब्दुल मोईद, हुमायूं शेख जकरिया, हीरालाल राव, हमजा शाहिद, धर्मेंद्र चौधरी, मुस्तकीम सलमानी, स्वदेश कुमार सिंह, बबलू महाराज, ऋषभ सिंह, त्रिलोकी नाथ त्रिवेदी, गीता सिंह, इस्लाम अली, लक्ष्मी देवी, हसन इश्तियाक, नवल कुमार मिश्रा, नसीम इदरीसी, संतोष कुमार, निर्मल सादात अहमद सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता पदयात्रा में शामिल रहे।

# चढरउआ में आवारा कुत्तों का कहर, 38 भेड़ों की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

मैनपुरी। एलाऊ क्षेत्र के गांव चढरउआ निवासी किसान अजीत भेड़ पालन करके अपना जीवन यापन करते हैं। बीती रात उनकी 38 भेड़ों को आवारा कुत्तों ने हमला कर मार डाला, जबकि 5 भेड़े गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना से किसान परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों के अनुसार रात के समय आवारा कुत्तों के झुंड ने भेड़ों पर हमला कर दिया। शोर मचाने पर जब तक लोग मौके पर पहुंचे, तब तक अधिकांश भेड़ों की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलने पर सुबह राजस्व विभाग के लेखपाल मौके पर पहुंचे और नुकसान का आंकलन किया। प्रशासनिक निर्देश पर मृत भेड़ों का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके बाद उन्हें दफना दिया गया। लेखपाल ने बताया कि क्षति का विवरण तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजा जा रहा है, ताकि किसान को नियमानुसार मुआवजा दिलाया जा सके। घटना के बाद गांव में आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों की समस्या के स्थायी समाधान और पीड़ित किसान को शीघ्र आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

# केंद्रीय बजट विकास सुधार व आत्मनिर्भर भारत की मजबूत आधारशिला

## - विकसित भारत के निर्माण को गति देने वाला केंद्रीय बजट : संतोष

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाँदा। भारत सरकार द्वारा प्रस्तुत आम बजट को लेकर भारतीय जानता पार्टी द्वारा जिला कार्यालय में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई जिसमे मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य संतोष गुप्ता ने बजट पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रस्तुत आम बजट 2026–27 विकसित भारत के निर्माण को गति देते हुए भारत को आर्थिक आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की ओर ले जाने वाला है। साथ ही देश के युवाओं किसानों व मध्यम वर्गीय लोगो के कल्याण के लिए फायदे मंद है। इस बजट से आम आदमी के जीवन को बेहतर बनने और विकसित भारत के संकल्प को मजबूती प्रदान होगी। इस बजट में किसानों के लिए सिचाई, फसल बीमा और भंडारन की सुविधाएं, युवको के लिए रोजगार व कौशल विकास, महिलाओ के लिए आत्म




निर्भरता की योजनाये तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए सड़क, जल संरक्षण व रोजगार प्रदान करना प्रमुख विशेषतायें है। बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए भी जल संकट समाधान सिचाई परियोजना, सड़क और बुनियादी ढाँचों पर विशेष ध्यान दिया गया है। साथ ही किसान सम्मान निधि के माध्यम से छोटे किसानों की आय वृद्धि करने का लक्ष्य शामिल है तथा कौशल विकास, युवाओं, महिलाओं को कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य है जो गरीबो को सशक्त बनायेंगे। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रस्तुत ऐतिहासिक सबसे अधिक बजट प्रस्तुत करने का अवसर देश के लिए गौरव की बात है तथा विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने के लिए दीर्घकालिक योजनाओं को समर्पित है। इस बजट में ऐतिहासिक प्रावधान किए गए है जिससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और स्थानीय अर्थ व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने रक्षा क्षेत्र में बढ़े आवंटन का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे देश की सुरक्षा क्षमता और सुद्रण होगी। प्रेस वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, महिला आयोग की पूर्व सदस्य प्रभा गुप्ता एवं जिला मीडिया प्रभारी उत्तम सक्सेना मौजूद रहे।

# अधिवक्ता हत्याकांड से आक्रोश की लहर, बार ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

## - प्रोटेक्शन एक्ट की उठी मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। उत्तर प्रदेश के रामपुर में अधिवक्ता फारूक अहमद खां की नृशंस हत्या ने पूरे प्रदेश के कानूनी जगत को झकझोर कर रख दिया है। इस जघन्य हत्याकांड के विरोध में जिला बार एसोसिएशन ने कड़ा रुख अपनाते हुए राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

अधिवक्ताओं ने स्पष्ट किया कि अब वे केवल शोक नहीं मनाएंगे, बल्कि अपने अस्तित्व और सुरक्षा के लिए निर्णायक लड़ाई लड़ेंगे। ज्ञापन सौंपते समय जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश शुक्ल एवं प्रभारी महामंत्री आलोक कुमार पाण्डेय ने दो टूक शब्दों में कहा कि समाज का बौद्धिक वर्ग आज सरेआम गोलियों का शिकार हो रहा है। 'जब न्याय की पैरवी करने वाले ही सुरक्षित नहीं रहेंगे, तो आम नागरिक की सुरक्षा की कल्पना कैसे की जा सकती है? यह हमला केवल एक व्यक्ति पर नहीं, बल्कि समूची न्याय व्यवस्था पर प्रहार है।' एसोसिएशन ने अपनी मांगों को बेहद सख्त लहजे में रखा है, देशभर में अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस कानून को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाय। मृतक अधिवक्ता के परिजनों को 1 करोड़ रुपये का मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को अनिवार्य रूप से सरकारी नौकरी प्रदान की जाए। तथा त्वरित न्याय हेतु हत्या के नामजद अभियुक्तों की अविलंब गिरतारी हो और मुकदमे की सुनवाई श्फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाकर अपराधियों को फांसी की सजा दिलाई जाए। अधिवक्ताओं के लिए निःशुल्क और विशेष चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

इनसेट–

आंदोलन का अल्टीमेटम

ज्ञापन के माध्यम से अधिवक्ताओं ने शासन–प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर त्वरित संज्ञान नहीं लिया गया, तो यह आक्रोश शांत नहीं होगा। जिले के अधिवक्ताओं ने संकेत दिए हैं कि वे आने वाले दिनों में कार्य बहिष्कार और बड़े जन–आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर रहे हैं।

# मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत कांग्रेस ने निकाली पद यात्रा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार मुख्य अतिथि/पर्यवेक्षक पुष्पेन्द्र सिंह की उपस्थिति में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान पदयात्रा ग्राम पंचायत तिंदवारा में जिले भर के पदाधिकारी व कार्यकर्ता एव मनरेगा मजदूर तिंदवारा सहित अन्य ग्राम पंचायतों में पदयात्रा आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पर्यवेक्षक पुष्पेंद्र सिंह ने कहा कि केन्द्र में काबिज भाजपा सरकार मनरेगा जैसी योजना का नाम बदलकर गरीब, मजदूर, किसानों के अधिकारों का हनन किया गया। कांग्रेस उनके अधिकारों के लिए निरन्तर संघर्षरत रहेगी। वर्तमान सरकार मनरेगा जैसी योजना से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी हटाकर उसके स्वरूप को बदलने को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस शासन काल में मनरेगा जैसी योजना गरीब तबके के चतुर्मुखी उत्थान के लिए लाई गई थी। केन्द्र में बैठी भाजपा सरकार द्वारा नाम ही परिवर्तित किया गया बल्कि गरीब मजदूरों के अधिकारों का हनन किया गया। पदयात्रा के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जगह जगह जी राम जी जैसी योजना लागू किए जाने पर उससे होने वाली हानियां बतलाकर जागरूक करने का काम किया गया पदयात्रा का समापन ओजस्वी नारों के साथ गांधी जी का यह अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान व संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर अमर रहें के नारों के साथ अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि/पर्यवेक्षक पुष्पेंद्र सिंह व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित द्वारा माल्यार्पण कर पदयात्रा का समापन किया गया। इस अवसर पर एआईसीसी/मनरेगा कोऑर्डिनेटर रमेश चन्द्र कोरी, पीसीसी भगवानदीन गर्ग, पवन देवी कोरी, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा खान एडवोकेट, पूर्व जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमन शुक्ला, शहर अध्यक्ष अफसाना शाह, अमलेशा अनुरागी, उर्मिला देवी,



जिला उपाध्यक्ष बल्देव वर्मा एडवोकेट, जिला महामंत्री मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश द्विवेदी एड्वोकेट, कालीचरण निगम, शोएब रिजवी, जितेन्द्र गौरव, राजेन्द्र गर्ग नाती, जिला सचिव कालीचरण साहू अम्बिका प्रसाद खैरा, कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी, ब्लॉक अध्यक्ष बिसंडा शिवाकांत मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष नरैनी रामनारायण प्रजापति, बड़ोखर ब्लॉक अध्यक्ष जयकरन सिंह राजपूत, नगर अध्यक्ष अतर्रा रमेश साहू, लक्ष्मीकांत मिश्रा, रामकुमार सिंह, चुन्नी सिंह, ईशू फैज खान, शादाब खान, इस्लाम, मण्डल अध्यक्ष बलराम सिंह सेंगर पौहार, संतोष सोनी कालिंजर, राजाराम राय करतल, रामप्रसाद पाल बदौसा, ब्लॉक उपाध्यक्ष महुआ लाला रामशंकर सिंह, अबू हुरैरा, शिवाकांत उपाध्याय नगनेधी, रज्जाक भाई गिरवा, बलबीर त्रिपाठी अर्जुनाह, अरविन्द द्विवेदी बड़ोखर बुजुर्ग, संतोष राजपूत, धीरेन्द्र पांडेय धीरू, अशोक वर्धन कर्ण, रफत खान, नत्थूराम सेन, शब्बीर सौदागर सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व ग्रामीण अंचल के मनरेगा मजदूर पदयात्रा में शामिल हुए।

# शिक्षक समस्याओ कों लेकर महासंघ बीएसए कार्यालय पर करेगा धरना-प्रदर्शन

## - 18 फरवरी कों लंबित शिक्षक समस्याओं के सम्बन्ध में होगा धरना-प्रदर्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा ज्वलंत शिक्षक समस्याओं के निस्तारण के लिए पूर्व में दर्जनों बार पत्र व वार्ता के क्रम के बाद भी निराकरण न होने के कारण और जनपद स्तर पर व्याप्त रोष कों एवं शिक्षकों के हितों कों सर्वोपरि रखते हुए महासंघ द्वारा 18 फरवरी को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर करेगा धरना प्रदर्शन।

जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र नें बताया है कि शिक्षकों के चयन वेतनमान का ऑनलाइन आदेश जारी होने के बाद भी अब तक हस्ताक्षरित आदेश कॉपी नहीं उपलब्ध करवाई गई जिससे 2 महीने होने वाले है। अब तक चयन वेतनमान का लाभ वेतन में जुड़कर नहीं मिला है। उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में इंचार्ज प्रधानाध्यापकों को प्रधानाध्यापक पद का वेतन भुगतान, बाल्य देखभाल अवकाश एक बार में 30 दिन की स्वी.त, विकास खंड पयागपुर में एफएलएन प्रशिक्षण के दौरान मात्र कुछ ही मिनट की देरी के लिए लगभग 65 शिक्षक, शिक्षिकाओं की अस्थाई रूप से वार्षिक वेतन वृद्धि बाधित कर दी गई है। शिक्षक शिक्षिकाओं के एक–दो दिन का अवरुद्ध वेतन सामूहिक रूप से बहाल करने, निरीक्षण के समय शिक्षक शिक्षिकाओं के किसी कारण वश उपस्थित न होने पर यदि उनका आकस्मिक अवकाश शेष है तो उनके आकस्मिक अवकाश से उक्त दिवस का अवकाश घटाते हुए वेतन की कटौती न करने, पात्र शिक्षक शिक्षिकाओ कों दिव्यांग भत्ते का नियमानुसार भुगतान, पूर्व में अंतर्जनपदीय स्थानांतरण प्राप्त कर चुके सभी अध्यापकों की ऑफलाइन सेवा पुस्तिका उनके कार्यरत जनपद स्थानांतरित करने, ऑफलाइन निरीक्षण पर रोक, निरीक्षण के दौरान शिक्षकों का पक्ष जाने बिना कोई भी विभागीय कार्यवाही न करने सहित अन्य मांगों के सम्बन्ध ने 18 फरवरी को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र के नेतृत्व में जनपद के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। जिलाध्यक्ष श्री मिश्र ने कहा है कि यदि समय रहते सभी शिक्षक समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य है। उन्होंने कहा कि, चयन वेतनमान सहित अन्य सभी मुद्दों पर शिक्षकों का उत्पीड़न हो रहा है। जल्द ही मांगों पर निर्णय नहीं होगा तो संगठन पूरी ताकत के साथ आंदोलन करेगा। जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज कुमार वर्मा ने बताया है कि, जनपद के शिक्षक न्याय की प्रतीक्षा कर रहे है और महासंघ की तरफ आशा भरी नजरों से देख रहे है यदि विभाग द्वारा शिक्षकों कों समय रहते सम्मान और अधिकार देने में अन्याय किया तो तय समय पर विशाल धरना–प्रदर्शन किया जायेगा,जिला महामंत्री उमेश त्रिपाठी ने कहा कि समय रहते लंबित समस्याओ का निराकरण नहीं हुआ तो महासंघ व शिक्षक अपनी ताकत दिखाने में पीछे नहीं हटेगा,जिला कोषाध्यक्ष सगीर अंसारी ने कहा शिक्षक हित से बढ़कर महासंघ के लिए कुछ नही है शिक्षकों की हर समस्या के लिए महासंघ आर पार की लड़ाई तथा संघर्ष करने के लिए कमर कस चुका है।

# वेतन न मिलने पर एनएचएम संविदा कर्मियों का प्रदर्शन

## – संविदा कर्मियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

## – सात तारीख तक वेतन न मिलने पर नो पे, नो वर्क की चेतावनी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम के संविदा



कर्मचारियों के मानदेय भुगतान में लगातार हो रही देरी के खिलाफ बांदा जिले के एनएचएम संविदा कर्मचारी संघ ने जिलाधिकारी को भुगतान कराने आदि की समस्याओं का समाधान करवाने को लेकर लिखित शिकायत पत्र सौंपा।

बताते चलें कि पूरा मामला जिलाधिकारी कार्यालय से प्रकाश में आया है जहां पर आज उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारियो के मानदेय भुगतान में हो रही लगातार देरी के खिलाफ जिलाधिकारी जे रीभा को संविदा कर्मचारियों ने लिखित शिकायत पत्र सौंपा है जिसमें जिलाध्यक्ष डॉ. मिलेन्द्र सिंह और जिला महामंत्री शोभित गुप्ता के हस्ताक्षर हैं। ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा गया है। प्रदेश भर में करीब 1.50 लाख संविदा कर्मचारी जुलाई 2025 से मासिक मानदेय समय पर नहीं पा रहे हैं। एक माह का भुगतान 2 माह या अधिक समय बाद मिल रहा है। एसएनए स्पार्श पोर्टल के बाद लिमिट शून्य, बिल फेल या बजट अनुपलब्धता जैसे कारण बताए जा रहे हैं। इससे कर्मचारियों को गंभीर आर्थिक व मानसिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। कुछ मामलों में आत्महत्या के प्रयास भी सामने आए हैं। संघ की प्रमुख मांगें सभी संविदा कर्मचारियों का मानदेय हर माह की 7 तारीख तक अनिवार्य भुगतान हो। तकनीकी, प्रशासनिक समस्याओं (बिल फेल, लिमिट आदि) का स्थायी समाधान के लिए स्पष्ट दिशा–निर्देश जारी हों। सभी लंबित मानदेय का तत्काल भुगतान हो। भविष्य में विलंब न हो, इसके लिए समयबद्ध भुगतान की एसओपी जारी की जाए। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि 7 तारीख तक भुगतान सुनिश्चित नहीं हुआ, तो जिले के सभी संविदा कर्मचारी नो पे–नो वर्क का रास्ता अपनाएंगे। यह समस्या पूरे उत्तर प्रदेश में व्याप्त है, जहां विभिन्न जिलों (जैसे बलिया, कुशीनगर, सोनभद्र, सुल्तानपुर, हरदोई आदि) में इसी तरह के प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं। प्रांतीय स्तर पर भी संगठन ने कई बार वार्ता और पत्राचार किया, लेकिन कोई ठोस सुधार नहीं हुआ है।

# पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता पर करोड़ों के भ्रष्टाचार के आरोप

## - बसपा के पदाधिकारी ने डीएम को लिखित शिकायत पत्र देकर जांच की उठाई मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता पर करोड़ों के भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष रामसेवक प्रजापति ने लिखित शिकायत में दावा किया है कि अजय कुमार ने चहेते ठेकेदारों को अनुबंध की शर्तों के विपरीत अतिरिक्त कार्य दिखाकर करोड़ों रुपये का भुगतान कराया है।



ठेकेदारों को 9 करोड़ 97 लाख 60 हजार 9 रुपये का भुगतान किया गया। भुगतान 2022–23 और 2023–24 के दौरान विभिन्न कार्यों के नाम पर किए गए। कई मामलों में अतिरिक्त कार्य दर्शाकर बिना उचित जांच के पैसे जारी किए गए। अजय कुमार के पास अकूत संपत्तियां, लग्जरी गाड़ियां और रिश्तेदारोंधमित्रों के नाम पर कई संपत्तियां हैं। अजय कुमार की सेवा–कालीन संपत्तियों, कार्यों और कृत्यों की उच्च स्तरीय सतर्कता जांच कराई जाए। अजय कुमार ने आरोपों को निराधार बताया है और कहा है कि सभी भुगतान नियमों के अनुसार हुए हैं। लोकसभा सांसद .ष्णा देवी शिवशंकर पटेल ने भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर लगभग एक करोड़ के संदिग्ध भुगतान का आरोप लगाया और जांच की मांग की।

# हज यात्रियों का टीकाकरण व प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाँदा। हज यात्रा 2026 में जाने वाले बाँदा व चित्रकूट के हज यात्रियों का प्रशिक्षण, मेडिकल स्क्रीनिंग, मेडिकल एग्जामिनेशन एवं वैक्सीनेशन का टीकाकरण शहर के खानकाह इंटर कॉलेज में संपन्न कराया गया। मास्टर हज ट्रेनर हाजी आरिफ खान ने बताया कि जनपद में सभी हज यात्रियों का मेडिकल स्क्रीनिंग, मेडिकल एग्जामिनेशन कराया जाएगा। 2 हज यात्री अनुपस्थित रहने की दिशा में मेडिकल स्क्रीनिंग, मेडिकल एग्जामिनेशन एवं वैक्सीनेशन टीकाकरण का कार्य नहीं कराया गया, साथ ही हज यात्रियों को विदेश यात्रा, इबादत, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी सभी आवश्यक जानकारियां दी गयी। इस दौरान शहर काजी अकील मियां, मोली मुसर्रत हथोड़ा, कानपुर से आए हज एक्सपर्ट सै. मोहम्मद आकिब, मो. साकेब आलम, मौलाना सफीकुद्दीन कादरी, मौलाना हामिद रजा आदि ने हज उमराह के फराइज, अरकान, व दीनी मसाइल, मदीना की हाजरी, लॉजिस्टिक आदि बयान किये, इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, मुमताज अली, हाजी अजीज उस समद, नसीम बेगम, सैयद खुर्शीद अनवर, मुसाब अहमद, आमिर मालिक, अरशद हुसैन, नासिर नेता, शब्बीर जुगनू, हाजी फसीउल्ला, बाबा फरीद, हाजी सईद अहमद, अजीज भाई, हाजी तारिक, इरशाद खान, वहीद नेता, सहित कमेटी के लोग, नामित टीकाकरण स्टॉफ मौजूद रहें, किसी भी समस्या के लिया 9919887150 से संपर्क किया जा सकता है।




# कोतवाली नगर पुलिस ने ई-रिक्शा चोरी करने वाले दो अभियुक्त गिरतार

## - चोरी का ई-रिक्शा बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरतारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कल देर रात्रि को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा ई–रिक्शा चोरी करने वाले 02 अभियुक्तों को पकड़ा गया है। गौरतलब हो कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र काशीराम कॉलोनी के रहने वाले साकिब पुत्र अनीष द्वारा थाना कोतवाली नगर पर सूचना दी कि 09 फरवरी की देर रात्रि को अज्ञात चोर द्वारा उनका ई–रिक्शा घर के सामने से चोरी कर ले गए। सूचना पर तत्काल थाना कोतवाली नगर पर अभियोग दर्ज करते हुए अभियुक्तों की पहचान व पकड़ने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी क्रम में देर रात्रि को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर 02 अभियुक्तों को कनवारा बाईपास के पास से पकड़ लिया। पुलिस द्वारा पकड़े गये अभियुक्तों से कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों अभियुक्तों ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि 07 फरवरी को काशीराम कॉलोनी के पास से चुराया था। मौके से ई–रिक्शा बरामद हुआ। पकड़े गए अभियुक्त नौसाद पुत्र पप्पू निवासी खाईपार हाल पता काशीराम कालोनी थाना कोतवाली नगर व सुघर सिंह पुत्र रामकिशोर निवासी ग्राम बसहरी थाना मटौंध के विरुद्ध मु0अ0स0– 80/26 धारा 303(2) बीएनएस थाना कोतवाली नगर व बढ़ोत्तरी धारा 317(2) बीएनएस थाना कोतवाली नगर में अभियोग दर्ज किया गया है। पकड़ने वाली पुलिस टीम में दारा सिंह चौकी प्रभारी मर्दननाका उ0नि0 जगदीश प्रसाद त्रिपाठी कां0 महेन्द्र कुमार कां0 अखिलेश कुमार चौहान शामिल रहे।



# गोआश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक 18 को

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जनपद में संचालित गोआश्रय स्थलों की व्यवस्था हेतु गठित जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक 18 फरवरी 2026 को सांय 05:30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में आहूत की गई है। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि नवनिर्मित एवं निर्माणाधीन अस्थाई गोआश्रय स्थलों के निर्माण की प्रगति निराश्रित गोवंशों के संरक्षण की प्रगति, एस.एफ.सी. पूलिंग की अद्यतन प्रगति, हरा चारा उत्पादन व सी.सी. कैमरे संचालन इत्यादि की समस्त सूचनाओं के साथ प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# डाकघरों में शनिवार को आयोजित विशेष शिविर

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। अधीक्षक डाकघर मण्डल ने बताया कि बहराइच डाक मण्डल के अन्तर्गत बहराइच प्रधान डाकघर और उसके अधीनस्थ नानपारा, कैसरगंज, फखरपुर, कल्पीपारा, खैरीघाट, पयागपुर, मिहींपुरवा, रूपईडीहा, विशेश्वरगंज, रिसिया, मटेरा, भिनगा, गिलौला, इकौना, सिरसिया व बेड़नापुर उपडाकघरों में अब प्रत्येक शनिवार को आधार नामांकन एवं अद्यतन हेतु विशेष कैम्प का आयोजन किया जायेगा।

# आईएससी कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ

## - प्लेवे स्कूल की प्रधानाचार्या ने बच्चों का मुंह मीठा कराकर दी शुभकामनाएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के शादीपुर स्थित प्लेवे इंग्लिश स्कूल में आईएससी कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा प्रारंभ हुई। इस वर्ष बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में बेहतर परीक्षा परिणाम हेतु सभी छात्र–छात्राओं ने कठोर परिश्रम किया। विद्यार्थियों के वर्ष भर के परिश्रम का परिणाम ही बोर्ड परीक्षा फल घोषित होते ही सामने आता है।



शुक्रवार को अंग्रेजी भाषा (पेपर 1) की परीक्षा हुई। अंग्रेज़ी विषय के शिक्षक नितिन लहरी ने सभी छात्र–छात्राओं को अंग्रेज़ी विषय की सम्यक तैयारी कराई। विज्ञान वर्ग के छात्र–छात्राओं को विज्ञान शिक्षकों ने भरपूर सहयोग देकर भली भाँति तैयारी कराई। इसी प्रकार वाणिज्य एवं कला वर्ग में राज मौर्य, रमेश गुप्ता ने छात्र छात्राओं को सक्रिय सहयोग दिया। परीक्षा प्रारंभ होने पर विद्यालय की प्रधानाचार्या इरम जाफरी व हिन्दी शिक्षिका शीला श्रीवास्तव ने बच्चों का मुंह मीठा कराकर उन्हें बोर्ड परीक्षा में उत.ष्ट प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया। विद्यालय के प्रबंधक हुसैन अख्तर जाफरी ने छात्र–छात्राओं को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस प्रकार प्लेवे इंग्लिश स्कूल में बोर्ड परीक्षा पूर्ण शुचिता के साथ बोर्ड के सभी नियमों का पालन करते हुए प्रारंभ हुई। विद्यालय के उप–प्रधानाचार्य शाहिद अख्तर ने विद्यालय के छात्र–छात्राओं को आशीर्वाद देकर योग्य नागरिक बनने हेतु प्रेरित किया।

# गड्ढे में गिरकर साइकिल सवार वृद्ध घायल

## - जल जीवन मिशन योजना के तहत खोदा गया था गड्ढा

न्यूज वाणी ब्यूरो

विजयीपुर, फतेहपुर। विजयीपुर क्षेत्र के सिलमी गढवा गांव में कई माह पहले जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत पाइप लाइन डालने के लिए खोदे गए गड्ढे में एक साइकिल सवार बुजुर्ग गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे ग्रामीणों ने बाहर निकालकर इलाज के लिए भेज दिया।

सिलमी गढ़वा ग्राम पंचायत में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत पानी टंकी एवं पाइपलाइन बिछाने का काम होना था जिसके लिए कार्रदाई संस्था द्वारा गांव में जगह–जगह 5 से 10 फीट गहरे गड्ढे खोदे गए हैं जो कई महीने से खुले पड़े हैं। जिसमें गिरकर राहगीर व ग्रामीण चोटिल हो रहे हैं। गुरुवार गांव के ननकू गौतम खेत से सिंचाई करके साइकिल से लौट रहे थे। तभी 10 फीट गहरे गड्ढे में साइकिल लेकर गिर गए जिससे वृद्ध ननकू गौतम बुरी तरह घायल हो गए। जिसे ग्रामीण आशीष यादव, विमल, आयुष, अंकुश, रमेश, विवेक आदि ने दौड़कर बाहर निकाला और प्राथमिक उपचार के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार द्वारा लगभग चार महीना पहले गड्ढे खोदे गए थे। जो आज भी खुले पड़े हैं जिसमें आए दिन जानवर एवं राहगीर गिरकर चोटहिल हो रहे हैं। जेई विवेक कुमार ने बताया कि अगर कई दिन से गड्ढे खोदे पड़े हैं तो तत्काल पुरवाए जाएंगे अन्यथा लाल पट्टी लगवाई जाएगी। ठेकेदार को सख्त निर्देश दिए गये है।

# फांसी पर लटका मिला वृद्ध का शव

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ईंट गांव मंदिर के समीप स्थित स्कूल में 70 वर्षीय वृद्ध का संदिग्ध परिस्थितियों फांसी पर लटका शव पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने बरामद किया है।

बताते चलें कि ईटगांव में स्थित शक्ति बाबा मंदिर में लगभग कई वर्षो से वृद्ध पूजा पाठ करते थे हालांकि गांव वालों को न ही आज तक उनका नाम पता चल पाया और कहां के रहने वाले है इसकी जानकारी किसी को नहीं थी। गांव वाले सिर्फ उनको महत्मा के ही रूप मे ही जानते थे। आज सुबह मंदिर के बगल में स्थित गुलजारा देवी मेमोरियल इण्टर कालेज में पंखे से उनका शव लटका मिला। उधर ग्रामीणों ने इसकी सूचना क्षेत्रीय पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# डीसीएम की टक्कर से दम्पति व पुत्र घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के चौफेरवा के समीप शुक्रवार की सुबह डीसीएम की चपेट में आ जाने से दम्पत्ति समेत पुत्र घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार हथगाम थाना क्षेत्र के गोसाई की सरांय छिवलाहा निवासी स्व0 विशाल का 65 वर्षीय गंगाराम अपने पुत्र रामकिशोर 30 के साथ जिला चिकित्सालय में भर्ती पत्नी रामदेई को छुट्टी कराकर बाइक से घर जा रहे थे। जैसे ही यह लोग चौफेरवा के समीप पहुंचे तभी डीसीएम ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे तीनों घायल हो गये। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायल दम्पत्ति व पुत्र को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

# गन्ने से भरा ओवरलोड ट्रैक्टर बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराया

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता, सहारनपुर। दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे पर गन्ने से भरा ओवर लोड ट्रेक्टर ट्राली बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराई गनीमत रही ड्राइवर को कोई चोट नहीं आई व कोई राहगीर ट्रेक्टर की चपेट में नहीं आया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पहुंची और बाधित हुए रोड को पूरी तरह से खुलवाने के लिए ट्रैक्टर ट्राली को हटाने का काम किया गया।



शुक्रवार की दोपहर दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे मोलाना याकूब मजार स्तिथ रामपुर मनिहारान की और से आ रहे गन्ने से भरा ओवर लोड ट्रेक्टर ट्राली बेकाबू होकर डिवाइडर पर रखे चाय के खोके से जा टकराई जिससे डिवाईडर पर रखे खोका टूट गया गनीमत रही खोका बन्द था। उसमे कोई व्यक्ति मौजूद नही था। मौके पर पहुंची पुलिस उपनिरीक्षक सतीस कुमार हेड कांस्टेबल रवि दीवान मोहसीन जीशान ने ट्रेक्टर ड्राईवर शीशपाल पुत्र शिवकुमार निवासी हिमामपुर को सही सलामत बहार निकाला।

# विधानसभा में गूंजा शहर का मुद्दा, सदर विधायक ने उठाई जनसमस्याएं

## - जलभराव की समस्या के समाधान हेतु नए नालों के निर्माण की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उत्तर प्रदेश विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर समर्थन व्यक्त करते हुए सदर विधायक सरिता भदौरिया ने अपने विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को प्रभावी ढंग से सदन के समक्ष रखा। विधायक ने अपने संबोधन में के प्राचीन बाबा भोलेनाथ स्थित टिक्सी मंदिर के सुंदरीकरण का प्रस्ताव प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि यह मंदिर आस्था का प्रमुख केंद्र है, जिसे पर्यटन विभाग द्वारा विकसित कर धार्मिक पर्यटन की .ष्टि से आकर्षण का केंद्र बनाया जा सकता है। इससे क्षेत्र की सांस्.तिक पहचान को मजबूती मिलेगी तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। इसके साथ ही विधायक ने शहर में लंबे समय से बंद



पड़े पुराने अस्पताल भवन में 50 सैया युक्त आधुनिक सुविधाओं से लैस अस्पताल स्थापित किए जाने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि बढ़ती आबादी के अनुरूप स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार अत्यंत आवश्यक है, जिससे आमजन को बेहतर एवं सुलभ चिकित्सा सेवा मिल सके। सदर विधायक ने नगर पालिका क्षेत्र में जलभराव की समस्या का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि बरसात के समय शहर के कई इलाकों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के स्थायी समाधान हेतु नए नालों के निर्माण का प्रस्ताव भी सदन में रखा गया। विधायक के इन प्रस्तावों को क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने भी इन मांगों का स्वागत करते हुए शीघ्र कार्यान्वयन की उम्मीद जताई है।

# अशोक नगर शहरीया में बिजली विभाग की मॉर्निंग रेड, 6 उपभोक्ता पकड़े

## - अतिरिक्त केबल, मीटर बाइपास व बिना संयोजन के हो रही थी विद्युत चोरी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण मंडल के निर्देशन में शुक्रवार को शहर क्षेत्र में विद्युत चोरी के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया। शुक्रवार को उपखंड अधिकारी (तृतीय) गगन अग्निहोत्री एवं अवर अभियंता इन्द्रजीत पाण्डेय द्वारा विजिलेंस टीम के साथ संयुक्त रूप से 33/11 केवी उपकेंद्र फ्रेंड्स कॉलोनी प्रथम से पोषित क्षेत्र, मोहल्ला अशोक नगर शहरीया में मॉर्निंग रेड की गई।



छापेमारी के दौरान कुल 6 उपभोक्ताओं द्वारा अपने परिसरों में अतिरिक्त केबल, मीटर बायपास तथा बिना वैध संयोजन के विद्युत उपभोग किए जाने की पुष्टि हुई। मौके पर ही समस्त मामलों की वीडियोग्राफी कर साक्ष्य संकलित किए गए और संबंधित उपभोक्ताओं के विरुद्ध विद्युत अधिनियम 2005 की धारा 135 के अंतर्गत विधिक कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कुल 13 किलोवाट विद्युत भार अनियमित रूप से प्रयोग करते हुए पाया गया। जिन उपभोक्ताओं के विरुद्ध कार्रवाई की गई, उनमें घरेलू श्रेणी के कनेक्शनधारक शामिल हैं। विभागीय अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि विद्युत चोरी दंडनीय अपराध है और इससे न केवल विभाग को राजस्व हानि होती है, बल्कि विद्युत आपूर्ति व्यवस्था भी प्रभावित होती है। अधिकारियों ने आम उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे वैध विद्युत संयोजन लेकर ही बिजली का उपयोग करें तथा मीटर या केबल से किसी प्रकार की छेड़छाड़ न करें। मीटर से पूर्व अतिरिक्त जोड़ या केबल लगाकर बिजली का उपयोग करना विद्युत चोरी की श्रेणी में आता है जिसके लिए कठोर दंड का प्रावधान है। विभाग ने यह भी संकेत दिया कि जनपद में विद्युत चोरी के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# महाशिवरात्रि, होलिका दहन व ईद को लेकर पुलिस अलर्ट

## - एसएसपी ने सिविल लाइन व कोतवाली क्षेत्र में किया पैदल गश्त

## - रिक्रूट महिला आरक्षियों के साथ मुख्य बाजारों व संवेदनशील स्थलों का लिया जायजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। आगामी त्योहारों महाशिवरात्रि, होलिका दहन एवं ईद के .ष्टिगत जनपद में शांति, सौहार्द एवं कानून–व्यवस्था बनाए रखने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा थाना सिविल लाइन एवं थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत रिक्रूट महिला आरक्षियों के साथ व्यापक पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। एसएसपी द्वारा अम्बेडकर तिराहा, इटावा रेलवे स्टेशन, नौरंगाबाद चौराहा से बलदेव चौराहा होते हुए एसएसपी चौराहा तक पैदल गश्त की गई। इस दौरान मुख्य बाजारों, रेलवे स्टेशन, भीड़–भाड़ वाले क्षेत्रों, प्रमुख चौराहों, बैंक/एटीएम एवं अन्य संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का गहन जायजा लिया गया। गश्त के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों एवं आमजन से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को त्योहारों के दौरान विशेष सतर्कता बरतने, निरंतर गश्त एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे। इटावा पुलिस द्वारा आमजन से अपील



की गई है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, जिससे सभी त्योहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सकें।

# आगामी पर्वो को लेकर प्रशासन अलर्ट, कलेक्ट्रेट में हुई पीस कमेटी बैठक

## - डीएम व एसएसपी ने संभ्रांत नागरिकों, पुजारियों व धर्मगुरुओं संग किया संवाद

## - अफवाहों से बचने व सोशल मीडिया पर संयम बरतने की अपील

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। आगामी महाशिवरात्रि, होलिका दहन एवं ईद पर्व को



शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से जनपद प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित नवीन सभागार में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा संयुक्त रूप से की गई। बैठक में जनपद के संभ्रांत व्यक्तियों, पुजारियों, धर्मगुरूओं एवं विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। अधिकारियों ने सभी से संवाद स्थापित करते हुए अपील की कि त्योहारों को आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया जाए। कानून–व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने तथा सुरक्षा व्यवस्था को सु.ढ़ रखने के लिए प्रशासन द्वारा किए गए प्रबंधों की जानकारी दी गई और सभी को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया। बैठक के दौरान विशेष रूप से सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली अफवाहों से सतर्क रहने की अपील की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना पुष्टि किसी भी प्रकार की भ्रामक या आपत्तिजनक सामग्री को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा न किया जाए। मीटिंग के अंत में अधिकारियों द्वारा सभी उपस्थित लोगों को आगामी पर्वों की शुभकामनाएं दी गईं तथा प्रेम, सौहार्द और शांति के साथ त्योहार मनाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।

# रिजर्व पुलिस लाइन में परेड की सलामी, एसएसपी ने किया निरीक्षण

## - पुलिस कर्मियों को शारीरिक व मानसिक फिटनेस के लिए कराई दौड़

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने परेड की सलामी ली तथा पुलिस बल का निरीक्षण किया। परेड के दौरान पुलिस कर्मियों की शारीरिक एवं मानसिक सु.ढ़ता को ध्यान में रखते हुए दौड़ लगवाई गई। साथ ही अनुशासन एवं एकरूपता बनाए रखने के उद्देश्य से टोलीवार ड्रिल कराई गई। इस अवसर पर पुलिस लाइन सहित विभिन्न शाखाओं एवं कार्यालयों में नियुक्त पुलिस कर्मियों ने सहभागिता की तथा उन्हें विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम भी कराए गए। निरीक्षण के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा यूपी 112 पीआरवी का भी निरीक्षण किया गया। पीआरवी में उपलब्ध दंगा नियंत्रण उपकरण, फर्स्ट एड किट एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की स्थिति का जायजा लेते हुए नियमित साफ–सफाई, समुचित रखरखाव एवं कुशल संचालन के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त ने आरटीसी कार्यालय, आरटीसी बैरक एवं मेस का निरीक्षण कर स्वच्छता, गुणवत्ता एवं आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए। परेड उपरांत पुलिस लाइन के आदेश कक्ष में विभिन्न अभिलेखों एवं रजिस्टरों का परीक्षण किया गया तथा पुलिस कर्मियों का अर्दली रूम कर उनकी समस्याएं सुनते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



# मृतक के परिजनों ने लगाया हत्या आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। चांदपुर थाने के अमौली बरमपुर में गुरूवार की शाम गेस्ट हाउस कर्मचारी का फांसी पर लटका मिला शव मिला था। जिस पर पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के परिजनों ने गेस्ट हाउस मालिक वेटर ठेकेदार सहित चार लोगो पर मारने पीटने का आरोप लगाते हुये बताया कि इन्ही लोगो द्वारा उसकी हत्या कर शव फांसी पर लटकाया गया है। बताते चले कि चांदपुर थाना क्षेत्र के केवटरा भरसा गांव निवासी 15 वर्षीय किशोर रामायण अमौली कस्बा स्थित गेस्ट हाउस में काम करता था। जिसका शव गुरूवार की शाम फांसी पर लटका मिला। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के जीजा ने बताया कि गेस्ट हाउस मालिक सर्वेश अग्निहोत्री निवासी गुजैनी कानपुर वेटर ठेकेदार व गेस्ट हाउस के दो कर्मचारी पर मारने पीटने व मोबाइल चोरी का आरोप लगाने की घटना को अंजाम दिया है।

# महाशिवरात्रि पर प्रशासन अलर्ट, डीएम व एसएसपी ने संभाली कमान

## - हजारी महादेव मंदिर सरसई नावर पहुंचकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर जनपद में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को .ष्टिगत रखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी इटावा शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा थाना ऊसराहार क्षेत्रान्तर्गत स्थित हजारी महादेव मंदिर पहुंचकर सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंदिर परिसर, प्रवेश एवं निकास मार्ग, पार्किंग व्यवस्था, बैरिकेडिंग, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन तथा आपातकालीन सेवाओं की तैयारियों का गहन अवलोकन किया।



श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के साथ–साथ सुरक्षा के व्यापक इंतजामों की समीक्षा की गई। ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ कर्तव्यों के निर्वहन के निर्देश दिए गए। साथ ही स्पष्ट किया गया कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था अथवा अफवाह की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को समन्वय स्थापित कर कार्य करने तथा श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश भी प्रदान किए। इस अवसर पर प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि पर प्रशासन सख्त, शहर में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

## - प्रमुख मार्गो से अस्थायी कब्जे हटाकर कांवड़ यात्रियों के लिए बनाया सुगम रास्ता

## - सिटी मजिस्ट्रेट, नगर पालिका व पुलिस की संयुक्तकार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर जनपद में श्रद्धालुओं एवं कांवड़ यात्रियों की भारी भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से शहर के प्रमुख मार्गों पर विशेष अभियान चलाकर अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया, जिससे आमजन एवं श्रद्धालुओं का आवागमन सुचारु रूप से हो सके। प्रशासन द्वारा शहर इटावा में गुरु तेग बहादुर लाईओवर (भरथना चौराहा के आगे) से लेकर साबित गंज चौराहा, वहां से तहसील चौराहा, तहसीलि चौराहे से पचराहा, छह राहा होते हुए टीटी चौराहे तक सड़क किनारे किए गए अस्थायी अतिक्रमण को हटवाया गया। यह संयुक्त कार्रवाई सिटी मजिस्ट्रेट, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, क्षेत्राधिकारी नगर अभय नारायण राय एवं थाना कोतवाली पुलिस बल की उपस्थिति में



# एसएसपी ने जनसुनवाई में सुनी फरियादियों की समस्याएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में कानून–व्यवस्था के साथ–साथ आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान को प्राथमिकता देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा शुक्रवार को पुलिस कार्यालय में नियमित जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी–अपनी शिकायतें एवं प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। एसएसपी द्वारा प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरतापूर्वक सुना गया। न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का आश्वासन दिया गया। एसएसपी ने प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु संबंधित राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से स्वयं वार्ता कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसुनवाई के दौरान आमजन को आश्वस्त किया गया कि उनकी समस्याओं का समाधान पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ किया जाएगा।

न्यूज़ वाणी
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक न्यूज वाणी में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
11 वर्षो से आपकी सेवा में तत्पर
फतेहपुर की मशहूर व पुरानी दुकान
जाफ़री चश्में वाले
थोक व फुटकर चश्में
39, नवीन मार्केट, पुराना R.T.O. आफिस
करुणा जीवन ज्योति नर्सिंग होम के सामने
(निकट पत्थर कटा चौराहा), फतेहपुर (उ.प्र.)
कानपुर के मशहूर डॉक्टर द्वारा आपरेशन की सुविधा।
नोट- डाक्टर का पर्चा लाने पर मात्र आधे घण्टे में चश्मा व 10 प्रतिशत की छूट सहित प्राप्त करें।
कान की मशीन मात्र 450/– में
कान्टेक्ट लेंस मात्र 350/– में
सम्पर्क सूत्र : 05180-228339, 9451548620
प्रो. नफीस अहमद जाफ़री
संपादक-राष्ट्रीय हिंदी दैनिक न्यूज वाणी

## मनरेगा बचाओ संग्राम में कांग्रेस ने मजदूरों संग की पद यात्रा

### - ग्रामीण सरकार विरोधी व मनरेगा बचाओ के लगाए नारे

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा विधानसभा के ग्राम त्रिलोचनपुर से तमाम ग्रामीण क्षेत्र होते हुए खागा नगर पंचायत तक लगभग सोलह किलोमीटर कांग्रेस पार्टी ने ग्रामीण मजदूरों को साथ लेकर पद यात्रा की। पद यात्रा में महिलाओं के संग भारी तादाद में मौजूद ग्रामीण सरकार विरोधी एवं मनरेगा बचाओ के नारे लगाते हुए नगर पंचायत में लगी गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा की समाप्ति की।




पैदल यात्रा का नेतृत्व प्रदेश से नियुक्त प्रभारी कनिष्क पांडेय, जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी, शहर अध्यक्ष मो0 आरिफ गुड्डा ने किया। इसके पहले त्रिलोचनपुर गांव में आयोजित सभा में जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने भाजपा सरकार की सभी जन विरोधी नीतियों की खुल कर आलोचना की। उन्होंने कहा कि अब मोदी को भारत की जनता पूर्ण रूप से पहचान चुकी है एवं उन्हें नकार चुकी है। शहर अध्यक्ष मो0 आरिफ गुड्डा ने कहा कि जिस प्रकार जनता को गुमराह कर मोदी ने उनके साथ विष्वासघात किया है देश कभी भूल नहीं सकता। उन्होंने आगे कहा कि मोदी भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्हें अब जनता घृणा की .ष्टि से देख रही है। उन्हें कुर्सी से उतारने को व्याकुल है। पैदल यात्रा में महिला नेता माधुरी रावत, हेमलता पटेल, वरिष्ठ नेता राजेंद्र शुक्ला, कलीम उल्ला सिद्दीकी, रंजीत मौर्य, देवी प्रकाश दुबे, आरिफ खान, आदित्य श्रीवास्तव, सैयद सहाब अली, राम नरेश महराज, चौधरी मोइन राइन, नवनीत तिवारी, निजामुद्दीन, डॉ अब्दुल हमीद, नसीम अंसारी सहित तमाम कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

## पुष्प देकर नम आंखों से छात्रों को दी विदाई

– सरला देवी श्रीराम इंटर कालेज में हुआ विदाई समारोह

न्यूज वाणी ब्यूरो

थरियांव, फतेहपुर। हसवा विकास खंड के रामपुर थरियांव स्थित सरला देवी श्री राम इंटर कॉलेज में कक्षा 12 व 10 के छात्र–छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक रामऔतार यादव रहे। उन्होंने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर समारोह का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में प्रबंधक रामऔतार यादव ने छात्र–छात्राओं को बोर्ड परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दीं और अनुशासन व कठिन परिश्रम को सफलता की कुंजी बताया। कक्षा 11 व नौ के छात्र–छात्राओं ने समारोह के लिए विभिन्न सांस्.तिक प्रस्तुतियां दीं। इनमें शास्त्रीय नृत्य, मधुर गीत और मनोरंजक नाटक शामिल रहे। जिनके माध्यम से विद्यालय की यादों को ताजा किया गया। कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने भी मंच साझा किया और अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि ने छात्र–छात्राओं को लेखनी सामग्री भी भेंट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उमाशंकर त्रिपाठी ने परीक्षार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उपहार भेंट किए। विद्यालय में आयोजित विदाई समारोह में प्रधानाचार्य पवन कुमार यादव ने बच्चों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के शिक्षक जवाहरलाल, ओमप्रकाश मौर्य, उमेश चंद्र, राजेश कुमार, राजकुमार पाल, ज्ञानेंद्र सिंह, डॉक्टर प्रियंका द्विवेदी, हेमलता, अंजली, आरती, नीलम त्रिपाठी के अलावा छात्राएं श्रेजल, खुशी, अंजली, प्रीती, सलोनी सहित इत्यादि छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



## रक्तदान कर पुलवामा हमले के शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

### - रेडक्रास के सहयोग से लगा शिविर, ग्यारह लोगों ने किया रक्तदान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पुलवामा हमले में शहीद सैनिकों की स्मृति की पूर्व संध्या पर जिला अस्पताल में रक्त की कमी के कारण शुक्रवार को इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व मेंजिला अस्पताल रक्तकेन्द्र मेंरक्तदान शिविर आयोजित किया गया।शिविर में मुख्य अतिथि के रूप मेंपूर्व विधायक सदर विक्रम सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजीव नयन गिरि एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजेश उपस्थित रहें। शुभारंभ पूर्व विधायक समेत अन्य अतिथियों ने फीता काटकर किया। अतिथियों को बैज अलं.त कर माल्यार्पण व अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। कुल 11 रक्तदान हुए। 20 लोगों ने अगली बार रेडक्रॉस सोसाइटी के शिविर में रक्तदान हेतु रजिस्ट्रेशन कराया। रक्तदानियों में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रगति मिश्र ने अपने पति इंजीनियर अर्जुन शर्मा के साथ, अजीत सिंह ने अपनी वैवाहिक वर्षगांठ पर व अरविंद कुमार, अतुल कुमार गुप्ता, हरीश श्रीवास्तव, जैविक .षक वीरेंद्र यादव, प्रवीण, शिवम साहू, हिमांशु, विवेक श्रीवास्तव ने मानवता के हितार्थ रक्तदान किया। रक्तदानियों को अतिथियों व रेडक्रास चेयरमैन ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डॉ अनुराग ने सभी रक्तदानियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सुरेश चंद्र श्रीवास्तव, संजय कुमार श्रीवास्तव, रामप्रकाश मौर्य, सुरेश कुमार श्रीवास्तव, गोरेलाल, हिमांशु श्रीवास्तव, रक्तकेन्द्र विभागाध्यक्ष डॉ वरद वर्धन, डॉ अभिषेक, अशोक शुक्ल, बृजकिशोर, विनोद, कौशल श्रीवास्तव, दिव्या वर्मा, दीपाली, कमला प्रसाद, शशि, पूजा तिवारी, सुलभ उपस्थित रहे।



## दरवाजे पर बैठी महिला को सर्प ने डसा

### – 36 घंटे बाद दोबारा महिला को सांप ने कटा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा कोवताली क्षेत्र के ग्राम टिकरी काही में घर के बाहर बैठी 32 वर्षीय महिला को जहरील सर्प ने डस लिया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। परिजनों की माने तो उसकी महिला को 36 घन्टे बाद दोबारा सर्प ने डसा है।जानकारी के अनुसार टिकरी काही गांव निवासी रामपाल की पत्नी प्रियंका देवी शुक्रवार की सुबह अपने घर के दरवाजे पर बैठी तभी उसे जहरीले सर्प ने डस लिया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुयी तो उसे तत्काल हरदो सीएचसी ले गये। जहां चिकित्सीय उपचार के बाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज करा रहे परिजनों ने बताया कि 36 घन्टे पूर्व खेत में काम करते समय महिला को सर्प ने डसा था और आज सुबह जब प्रियंका घर के दरवाजे पर बैठी तभी दोबारा सर्प ने उसे डसा है।

# डीएम ने कंपोजिट विद्यालय एकारी का किया निरीक्षण

### - ५० प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले बच्चों के अभिभावकों को प्रेरित करने के निर्देश

### - आंगनबाड़ी केंद्र मिला बंद, मुख्य सेविका का वेतन रोकने के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने हसवा शिक्षा क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय एकारी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षक उपस्थिति पंजिका, छात्र उपस्थिति पंजिका, कालिंग रजिस्टर, निपुण तालिका, एआरपी विजिट रजिस्टर को देखा। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव कुमार के तीन दिवसीय प्रशिक्षण पर जाने की जानकारी प्रभारी प्रधानाध्यापक रिज़वान अहमद द्वारा देने पर डायट पर बात कर इसकी पुष्टि करने के निर्देश दिए। बीएसए को निर्देशित किया कि जनपद के सभी विद्यालयों को ये निर्देश जारी कर दें कि छात्र उपस्थिति पंजिका में माहवार बच्चों की उपस्थिति का कुल योग भी अंकित करें। उन्होंने पंचायत सचिव को निर्देशित किया कि जिन बच्चों की उपस्थिति 50 प्रतिशत से कम है उनके माता–पिता से बात कर उनको बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करें इस कार्य में विद्यालय के शिक्षकों का भी सहयोग लें। उन्होंने बीएसए को निर्देशित किया कि जनपद के सभी विद्यालयों में कक्षावार



कालिंग रजिस्टर अलग–अलग बनाने के लिए निर्देशित करें। संबंधित कक्षा के अध्यापक ही रजिस्टर मेंटेन करें। बच्चों के वार्षिक रिपोर्ट कार्ड की जानकारी लेते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया कि बच्चों के विषयवार रिपोर्ट कार्ड जारी करें। उन्होंने प्रभारी प्रधानाध्यापक से विद्यालय में आरबीएसके की टीम पिछली बार कब आई थी, जानकारी की। प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा बताया गया कि एक साल से टीम नहीं आई है। इस पर प्रभारी चिकित्साधिकारी से आरबीएसके की टीम का रोस्टर मंगाने के निर्देश दिए। कहा कि एक सप्ताह के अंदर आरबीएसके की टीम विद्यालय में भेजें एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक को विद्यार्थीवार रजिस्टर भी मेंटेन करने के लिए कहा। प्रभारी प्रधानाध्यापक को आरबीएसके रजिस्टर की जानकारी न होने पर बीएसए को इसके बारे में विद्यालयों को न बताने पर उनका स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने कक्षावार विद्यार्थियों की उपस्थिति की जानकारी ली। इसके पश्चात उन्होंने स्मार्ट क्लास में बच्चों को क्या क्या पढ़ाया जा रहा है देखा। विद्यालयों में उपलब्ध साइंस किट का उपयोग सुनिश्चित कराने और उसके इस्तेमाल के लिए संबंधित अध्यापकों का प्रशिक्षण कराने के लिए भी बीएसए को कहा। विद्यालय में रोस्टरवार सफाई कर्मी के नहीं आने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए रोस्टर वार सफाईकर्मी क्यों नहीं आ रहे के लिए सचिव को बीडीओ के माध्यम से स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। विद्यालय परिसर में स्थित आंगनवाड़ी केंद्र बंद पाए जाने और नवनिर्मित आंगनवाड़ी भवन प्रयोग में न लाए जाने के संबंध में सीडीपीओ को शाम तक कारण सहित रिपोर्ट देने के लिए निर्देशित किया और मुख्य सेविका का स्पष्टीकरण लेते हुए अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के निर्देश भी दिए।

## ताबेश्वर मंदिर पहुचे चेयरमैन, व्यवस्थाओं को देखा

### - महाशिवरात्रि पर्व पर मंदिर के पीछे मैदान में लगेगा मेला, पार्किंग की होगी व्यवस्था

### - बैरीकेटिंग में महिला व पुरूषों की दर्शन को लगेगी लाइनें

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शहर के अति सिद्धपीठ तांबेश्वर मंदिर में तैयारियां अंतिम



चरण में हैं। शुक्रवार को नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य एडवोकेट सभासदों व पालिका के अधिकारियों संग पहुंचे। जहां उन्होने व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर सिद्धपीठ तांबेश्वर मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। इसके अलावा दर्शन को आने वाले भक्तों को किसी तरह की दिक्कतों का सामना न करना पड़े इसके अलावा बैरीकेटिंग की व्यवस्था की जा रही है। जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं में महिला व पुरूष की अलग–अलग लाइनें दर्शन को लगेंगी। पुलिस के जवान भी मुस्तैद रहेंगे जो श्रद्धालुओं की मदद करेंगे। नगर पालिका परिषद द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए चेयरमैन राजकुमार मौर्य पहुंचे। उन्होने सफाई व्यवस्था में लगे कर्मियों को हिदायत दिया कि मंदिर परिसर समेत आस–पास का इलाका पूर्ण रूप से साफ–सुथरा किया जाए। दर्शन को आने वाले भक्तों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होने कहा कि मंदिर के पीछे स्थित मैदान में ही मेला लगेगा। साथ ही मैदान में ही वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। उन्होने कर्मचारियों को हिदायत दिया कि महाशिवरात्रि वाले दिन मार्ग पर चूने का छिड़काव कराए जाने के साथ ही टैंकर की व्यवस्था भी की जाए। इस मौके पर मेला प्रभारी विजय शंकर शुक्ला, मंदिर कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष व पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, सहायक प्रबंधक सुधांशु श्रीवास्तव, विशेष कार्य समिति सदस्य संजय पाण्डेय, अनुभाव शुक्ला, सावन गुप्ता, रोहित, मयंक, आकाश पाण्डेय, धर्मेन्द्र सिंह जनसेवक, नामेन्द्र द्विवेदी, राजू तिवारी आदि मौजूद रहे।

## आदर्श अधिवक्ता संगठन ब्राम्हण में प्रेम कुमार गुट का विलय

### - प्रमोद उपाध्याय व प्रेम कुमार पाडेय ब्राम्हण समाज का करेंगे नेतृत्व

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के सभागार में आदर्श अधिवक्ता संगठन (ब्राम्हण) के अध्यक्ष प्रमोद कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में ब्राम्हण अधिवक्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें प्रेम कुमार पाण्डेय गुट के अध्यक्ष प्रेमकुमार पाण्डेय ने अपने सभी समर्थक अधिवक्ताओं सहित बैठक में आकर आदर्श अधिवक्ता संगठन (ब्राम्हण) में विलय कर लिया और बैठक में सर्वसम्मति से तय हुआ कि भविष्य में प्रमोद उपाध्याय व प्रेम कुमार पाण्डेय संयुक्त रूप से ब्राम्हण समाज का नेतृत्व करेंगे।

वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेम कुमार पाण्डेय ने समाज व संगठन की एकता पर बल दिया। उन्होने कहा कि दोनो गुटों की एकता के लिए एक पाँच सदस्यीय कमेटी बनायी गयी थी किन्तु कुछ विघटनकारी बाहरी लोगों व गैर अधिवक्ताओं द्वारा समाज को विघटित करने के लिए बागी प्रत्याशी घोषित कर दिया गया जो अत्यन्त निन्दनीय है। बागी प्रत्याशी समाज द्वारा किसी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जायेगा। अध्यक्षीय उद्बोधन मेंवरिष्ठ अधिवक्ता प्रमोद उपाध्याय व प्रेम कुमार पाण्डेय ने संयुक्त रूप से घोषणा किया कि पूर्वअध्यक्षगण, पूर्व महामंत्रीगण व वरिष्ठ अधिवक्ताओं को मिलाकर एक 11 सदस्यीय कमेटी का गठन किया है जो प्रत्याशियों का चयन करेगी। जिसके उपरान्त आम सभा बुलाकर दोनो वरिष्ठ अधिवक्तागण सचिव पद के प्रत्याशी की घोषणा करेंगे। बैठक में पूर्व अध्यक्ष प्रेमशंकर त्रिवेदी, सुशील मिश्र, सुनील बाजपेयी, पूर्व महामंत्री महेशकान्त पीयूष पाण्डेय, अनुराग नरायण मिश्रा, नीरज मिश्रा, उमेश द्विवेदी, संतोष द्विवेदी, गिरीश द्विवेदी, सुधीर तिवारी,



त्रिपाठी, अनिल कुमार तिवारी, शिवप्रकाश मिश्रा, देववृत अग्निहोत्री, बृजकिशोर शुक्ला, ओमप्रकाश द्विवेदी, संकठा प्रसाद शुक्ला, दिलीप शुक्ला, आदर्श तिवारी, नितिन त्रिपाठी, आदित्य शर्मा, जगदीश पाण्डेय, ध्रुव बाजपेयी, विनोद त्रिपाठी उपस्थित रहे। संचालन पूर्व महामंत्री मणि प्रकाश दुबे ने किया।

## दिल्ली से लौटी टीम, परख सर्वे में सुधार को तैयार हुआ मास्टर प्लान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। एनसीईआरटी नई दिल्ली द्वारा परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण



2024 के परिणामों के आधार पर आकांक्षी जनपदों के लिए आयोजित विशेष क्षमता संवर्धन कार्यशाला में जनपद की टीम ने सक्रिय भागीदारी करते हुए आगामी सर्वेक्षण में उत्.ष्ट प्रदर्शन की दिशा में ठोस रणनीति तैयार की। कार्यशाला में फतेहपुर से डायट के शिक्षण प्रभारी एवं प्रवक्ता विनय कुमार मिश्र, बेसिक शिक्षा विभाग के एसआरजी राधेश्याम दीक्षित और भिटौरा ब्लॉक के विज्ञान एआरपी संजय सिंह शामिल रहे।

कार्यशाला में विशेषज्ञों ने परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण के महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए जनपदवार आंकड़ों के विश्लेषण की आधुनिक प्रविधियां सिखाईं। प्रतिभागियों ने डैशबोर्ड आधारित समीक्षा करते हुए गैप एनालिसिस किया और सुधारात्मक कार्ययोजना का संक्षेप प्रस्तुत किया, जिससे जनपद स्तर पर शैक्षणिक गुणवत्ता को मजबूत किया जा सके। आगामी चरण में फतेहपुर में जनपद स्तरीय कार्यशालाओं का आयोजन कर अकादमिक एवं प्रशासनिक बिंदुओं पर ठोस कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। परख की मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंद्राणी भादुड़ी ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए इस पहल को जनपद में प्रभावी ढंग से लागू करने का आह्वान किया। इस दौरान जनपद टीम ने सीआईईटी के प्रमुख डॉ. अमरेंद्र बहेरा से भेंट कर पीएम ई–विद्या, दीक्षा ऐप समेत डिजिटल शिक्षण पहलों पर प्रगति की समीक्षा की। कार्यशाला से लौटे प्रतिभागियों ने भरोसा जताया कि तैयार रोडमैप से फतेहपुर का प्रदर्शन नई ऊंचाइयों को छुएगा।

## विज्ञान मेले में दिखाया बच्चों ने हुनर

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विज्ञान मेले का आयोजन हुआ। मेले का उद्घाटन नगर में संचालित साइनस हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह, सह प्रबंधक अतुल अग्रवाल व प्रधानाचार्य गजेंद्र सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन एवं पुष्पार्चन से की। प्रधानाचार्य गजेंद्र सिंह ने डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह का बैज अलंकरण के पश्चात श्री फल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया।

अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थी को अपने विषय–वस्तु पर ध्यान केंद्रित करते हुए श्रेष्ठतम लक्ष्य को प्राप्त करना चाहिए। अपने देश व समाज को प्रगति पथ पर आगे ले जाना चाहिए। प्रतियोगिता में लगभग 350 भाग करते हुए अपने वैज्ञानिक कौशल का प्रदर्शन किया। विज्ञान मेले की कुशल संचालन में प्रेमचंद कैथल, रवि कुमार, सतीश, निशांत, श्रीराम मिलन गणित विषय के लिए शनि सिंह, दीपक, सत्यम, सुशील, अन्य विषयों के लिए दिनेश कुमार मौर्य शिवम, अविनाश सिंह चौहान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान संपूर्ण विद्या मंदिर परिवार उपस्थित रहा।

## महाशिवरात्रि पर्व पर ब्रह्माकुमारियों ने निकाली शिव बारात

### - एसडीएम व नगर पालिका अध्यक्ष ने पूजा-अर्चना व आरती उतारकर किया शुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिंदकी, फतेहपुर। कस्बे के मोहल्ला ललौली रोड स्टेट बैंक के पास स्थित आध्यात्मिक केंद्र प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ने 90 वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती के पावन पर्व पर भव्य कलश यात्रा, शोभा यात्रा, शिव बारात के धार्मिक अनुष्ठान का भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। भव्य कलश यात्रा, शोभा यात्रा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय से प्रारंभ हुई। उप जिलाधिकारी बिन्दकी व नगर पालिका अध्यक्षा बिन्दकी ने विधि विधान पूर्वक पूजा–अर्चना, आरती उतारकर शुभारम्भ किया। यात्रा कस्बा बिन्दकी स्थित प्रमुख चौराहों, मार्गो, स्थानों में भ्रमण को प्रस्थान करते हुए समापन पुनः शुभारम्भ स्थान पर पहुंचकर प्रसाद वितरण कर हुआ। सम्पूर्ण भव्य कलश यात्रा, शोभा यात्रा, शिव बारात के दौरान जगह–जगह समाजसेवियों ने फूलों की वर्षा, स्टाल लगाकर प्रसाद व स्वल्पाहार का वितरण कर स्वागत किया। भव्य कलश यात्रा, शोभा यात्रा, शिव बारात के माध्यम से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरी विश्व विद्यालय की बहनों ब्रम्हकुमारियों व भाइयों ब्रम्हकुमारों ने परमपिता शिव परमात्मा के अवतरण का संदेश देते हुए आध्यात्मिक ईश्वरीय ज्ञान का संदेश दिया। साथ ही साथ काम क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार जैसे पांच विकारों को त्याग करते हुए देवी–देवताओं तथा महापुरुषों के गुणों को धारण कर मनुष्य को लक्ष्मी नारायण बनने का जन जागरण का संदेश देते हुए श्रेष्ठ मानव बनने का आध्यात्मिक ज्ञान दिया। सम्पूर्ण यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस के अधिकारी व जवान व ब्रम्हकुमारी बहन सीता, दिव्या, प्रियंका, राम विशाल, अरुणा, वन्दना, नीता, शार्विल, सात्विक शुक्ला, वरुण, नारायण उपस्थित रहे।



## फांसी लगा किशोरी ने दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पुरानी कटरी में शुक्रवार की दोपहर 16 वर्षीय किशोरी ने घर के अन्दर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार पुरानी कटरी गांव निवासी संतोष कुमार निषाद की पुत्री शिवानी निषाद ने शुक्रवार की दोपहर घर के अन्दर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। हादसे के बाद के मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया।

## हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव में बाल वाटिका को मिली ताकत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ब्लॉक संसाधन केंद्र तेलियानी में शुक्रवार को हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम के अंतर्गत भव्य उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बुनियादी साक्षरता को सुदृढ़ करना व प्री प्राइमरी स्तर पर बाल वाटिका व्यवस्था को और मजबूत बनाना रहा। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, ईसीसीआई एजुकेटरो एवं नोडल शिक्षकोंका संवेदीकरण व साक्षरता संवर्धन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बाल वाटिका के निपुण बच्चों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया। डायट प्रवक्ता संजीव सिंह ने वंडर बॉक्स के विषय में विस्तार से बताया। एसआरजी राजेश त्रिपाठी ने प्रारंभिक शिक्षा की नींव को मजबूत करने में बाल वाटिका की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार कटियार ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और सामुदायिक सहभागिता पर जोर दिया। आंगनबाड़ी सुपरवाइजर प्रभावती गुप्ता ने सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों से विद्यालय से सामंजस्य बना कर प्रारंभिक शिक्षा में कदम से कदम मिलाने का आवाह्न किया। ब्लॉक के प्री प्राइमरी नोडल एआरपी अवधेश साहू ने बाल केंद्रित शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डाला। एआरपी सुशील कुमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अवधारणा को स्पष्ट किया। कार्यक्रम का संचालन अजय मिश्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष अदीप सिंह, नितेश सिंह, तेज सिंह, नोडल टीचर ऋचा साहू, राजलक्ष्मी, रंजना वर्मा, गिरीश दुबे, प्रभाकांत दीक्षित, हिना कासिम रिजवी, मनीष यादव, अर्चना यादव, लक्ष्मी देवी सहित सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, बच्चे और अभिभावक मौजूद रहे।



## मांगों को लेकर पूर्व सैनिकों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

### - ईसीएचएस पालीक्लीनिक भवन निर्माण हेतु भूमि आवंटन की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पूर्व सैनिकों के उपचार हेतु कथित ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक भवन नगर पालिका की अवैध जगह पर व भिटौरा रोड की स्थाई भूमि पर कब्जा करके बने भवन पर करवाई करवाने के संबंध में पूर्व सैनिकों ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

पूर्व सैनिक उत्थान एवं लोक कल्याण समिति के प्रदेष अध्यक्ष विद्या भूशण तिवारी की अगुवई में पूर्व सैनिक कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर बताया कि पूर्व सैनिकों के पॉलीक्लीनिक के लिए आवंटित भूमि पर नगर पालिका ने अटल बिहारी वाजपेई पार्क बनवा दिया। पुनः किसी भूमि का आवंटन किए बिना ही अपनी मर्जी से लोभ से वशीभूत कुछ सैनिक अधिकारियों के आदेश पर प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग ने एक भवन का निर्माण करना प्रारंभ कर दिया। जो भिटौरा राजमार्ग से बिल्कुल सट कर बन रही है। इस मार्ग का चौड़ीकरण होना है। जिससे भविश्य में यह पालीक्लीनिक का भवन ही गिरा दिया जाएगा। मांग किया कि पालीक्लीनिक को पूर्व में आवंटित भूमि के बराबर नाप की भूमि आवंटित कर दी जाए, जिससे आवंटित भूमि पर ही पालीक्लीनिक अस्पताल बन सके। जो भवन बन रहा है उसमें रोड साइड लैंड कंट्रोल एक्ट 1945 का पालन करवाते हुए सड़क से 50 फीट दूर से निर्माण करवाया जाए। जो अवैध निर्माण हो गया है उसको तत्काल धराशाही करवाया जाए। ज्ञापन देने वालों में भरोसा प्रसाद अग्निहोत्री, राजेश शुक्ला, देवेंद्र कुमार शुक्ला, राजकुमार तिवारी, हीरालाल यादव, सुनीता यादव, सुमन मौर्य, साधना सिंह, जागृति तिवारी, रामराज अवस्थी, विमल सिंह, सुरेंद्र पाल सिंह आदि उपस्थित रहे।



स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )